उज्जैन
गुरुवार
18
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-225
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



सर्गुन मेहता का बड़ा खुलासा, ह्यकैरी ऑन जट्टाह्व ने बदली जिंदगी, टीवी छोड़ पंजाबी सिनेमा में आने का लिया था फैसला

## महेश जोशी की गिरफ्तारी में एसीबी-जज से चूक हुई



**जयपुर।** हाईकोर्ट ने करोड़ों रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी को अवैध बताने वाली उनके बेटे रोहित जोशी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका (हैबियस कॉर्पस) को खारिज कर दिया है। कोर्ट की जयपुर बेंच ने अपने आदेश में माना कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और विशेष न्यायाधीश के स्तर पर गंभीर चूक हुई है। जस्टिस उमाशंकर व्यास और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने 12 जून को याचिका खारिज कर दी थी। विस्तृत आदेश बुधवार को अपलोड हुआ। इसमें खंडपीठ ने कहा है- गिरफ्तारी के आधार बताने के नियमों का पालन नहीं हुआ है।

## रजिस्ट्री फाइल खोई है तो जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा : सीजेआई

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री द्वारा कथित रूप से एक महत्वपूर्ण केस फाइल खो जाने की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि यह आरोप सही पाया गया कि रजिस्ट्री ने किसी मामले की फाइल खो दी है, तो इसकी गंभीर जांच कराई जाएगी और जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणी उस समय आई जब एक अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उनकी विशेष अनुमति याचिका समय पर दायर किए जाने के बावजूद अब तक पंजीकृत नहीं हुई है और आशंका है कि फाइल रजिस्ट्री में कहीं गुम हो गई है।

## सनातन बोर्ड बन गया तो चवन्नी की भी नहीं होगी चोरी



**भोपाल।** अयोध्या के राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन और चोरी के मामले को लेकर प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भोपाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान उन्होंने मंदिरों में होने वाली आर्थिक अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए देशभर के मंदिरों के प्रबंधन के लिए सनातन बोर्ड के गठन की मांग दोहराई। उन्होंने दावा किया कि यदि सनातन बोर्ड का गठन हो जाता है तो मंदिरों में चवन्नी तक की हेराफेरी संभव नहीं होगी। भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए देवकीनंदन ठाकुर ने अयोध्या राम मंदिर में दान राशि से जुड़े विवाद का उल्लेख किया।

## अमेरिका ने सबसे बड़े सैन्य कमांड से 'इंडो' शब्द हटाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि वर इंडो-पैसिफिक कमांड का नाम बदलकर फिर से वर पैसिफिक कमांड कर दिया गया है। अब इस कमांड से 'इंडो' शब्द हटा दिया गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने 2018 में कमांड के नाम में बदलाव किया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि हिंद महासागर (इंडियन ओशियन) क्षेत्र का रणनीतिक महत्व बढ़ रहा है और यह क्षेत्र प्रशांत महासागर (पैसिफिक ओशियन) की सुरक्षा व्यवस्था से पहले की तुलना में ज्यादा जुड़ गया है। 2018 में अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इस सैन्य कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड कर दिया था। अमेरिका का कहना था कि हिंद महासागर का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागर की सुरक्षा और रणनीति एक-दूसरे से पहले से ज्यादा जुड़ गई हैं।

## ममता बनर्जी के भतीजे की हो सकती है गिरफ्तारी



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को अभिषेक बनर्जी की गिरफ्तारी वारंट पर लगी अंतरिम रोक हटा दी। उनकी ओर से वकील कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसके बाद भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी वारंट पर मिली राहत समाप्त हो गई। अब अभिषेक की गिरफ्तारी हो सकती है। जानकारी के अनुसार, भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। निचली अदालत में पेश नहीं होने पर यह कार्रवाई हुई थी। वारंट के खिलाफ उन्होंने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

## ब्रिटेन में सबसे पुराने भारतीय-रेस्तरां पर बंद होने का खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन में मौजूद सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी पर बंद होने का खतरा बढ़ गया है। जिस इमारत में यह रेस्तरां चलता है, उसका मालिक क्राउन एस्टेट है। क्राउन एस्टेट ब्रिटेन की एक बड़ी सरकारी संपत्ति संस्था है, जो राजा या रानी के नाम पर चलती है। अब क्राउन एस्टेट वीरास्वामी की इमारत में कुछ बदलाव और नया निर्माण करना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने रेस्तरां का किराये का समझौता (लीज) आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। वीरास्वामी रेस्तरां की जून 2025 में लीज खत्म हो गई थी। रेस्तरां का कहना है कि अगर लीज नहीं बढ़ाई गई तो उसे 100 साल पुरानी अपनी जगह छोड़नी पड़ेगी।

### कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया

# नीट स्टूडेंट्स से 1.32 लाख करोड़ वसूले

## यह रकम शिक्षा बजट के लगभग बराबर, पसंदीदा कारोबारियों का 16 लाख करोड़ लोन माफ

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्रों और उनके परिवारों से व्यवस्था के जरिए 1.32 लाख करोड़ खर्च कराए जाते हैं। यह राशि देश के पूरे शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है।

प्रियंका गांधी ने बुधवार रात एक्स पोस्ट में ये भी लिखा- मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि भारत सरकार ने अपने पसंदीदा कारोबारियों के जो लोन माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपए हैं।



प्रियंका की यह टिप्पणी राहुल गांधी के कोटा दौरे के बाद आई। राहुल ने बुधवार को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत में शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते दबावों पर चर्चा की थी।

इधर, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट री-एग्जाम के एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब उम्मीदवार बैंक खाते का वेरिफिकेशन पूरा किए बिना भी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### कोटा में राहुल का छात्रों की गूंज कार्यक्रम

- राहुल गांधी ने 17 जून को कोटा के दशहरा मैदान में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में सैकड़ों छात्रों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का एजुकेशन सिस्टम अपने बच्चों को प्रेशराइज करता है। यह उन्हें स्ट्रेस (तनाव) देता है। मैं चाहता हूं कि हम सब मिलकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ें, ताकि आगे से किसी भी बच्चे को ऐसा (आत्महत्या जैसा) आत्मघाती कदम न उठाना पड़े।
- राहुल गांधी ने कहा कि पांच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आपके परिवारों की जेब से उतना पैसा छीन लिया जाता है, जितना पांच मंत्रालयों का बजट है। नीट, जेईई सहित 5 परीक्षाओं की तैयारी पर परिवारों की जेब से 5 लाख करोड़ चले जाते हैं।

## राहुल गांधी ट्रेन से दिल्ली लौटे

### आम लोगों के साथ सफदरजंग रेलवे स्टेशन से निकले



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी राजस्थान के कोटा में छात्रों से मुलाकात के बाद गुरुवार सुबह ट्रेन से दिल्ली लौटे। दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर उन्हें आम लोगों के साथ बाहर निकलते देखा गया। वे कार में बैठकर अपने घर रवाना हुए। राहुल बुधवार को कोटा के दशहरा मैदान में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में गए थे।

### विकास योजनाएं तैयार करने में विफल रहा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग

# 2018 से 2023 तक के अभिलेखों की जांच के बाद गंभीर आपत्ति दर्ज

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी वर्षों से लंबित मास्टर प्लान अब केवल प्रशासनिक देरी का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह अनियोजित शहरीकरण और अवैध कॉलोनियों के तेजी से विस्तार की बड़ी वजह बन चुका है। जिसका खामियाजा नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव के रूप में भुगतना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई अवैध कॉलोनियों में मकान तो खड़े हो गए, लेकिन वहां सडक, सीवरेज, पेयजल और सार्वजनिक सुविधाओं की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।

नियोजन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर मास्टर प्लान लागू होते तो अवैध बसाहटों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता था। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी जांच में पाया कि नगर एवं ग्राम निवेश विभाग (टीएंडसीपी) समय पर प्रादेशिक और विकास योजनाएं तैयार करने में विफल रहा।





कैग ने उज्जैन में वर्ष 2018 से 2023 तक के अभिलेखों की जांच के बाद इस पर गंभीर आपत्ति दर्ज की। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में बीना पेट्रोकेमिकल एवं औद्योगिक क्षेत्र को छोड़ अधिकांश क्षेत्रों की प्रादेशिक योजनाएं अंतिम रूप नहीं ले सकीं। वर्ष 2012 में प्रकाशित योजना का अंतिम नोटिफिकेशन भी वर्षों तक लंबित रहा।

विशेषज्ञों का कहना है कि मास्टर प्लान केवल भवन निर्माण का दस्तावेज नहीं होता, बल्कि यह अगले 20 से 30 वर्षों की आबादी, यातायात, औद्योगिक विस्तार, हरित क्षेत्र और सार्वजनिक सुविधाओं की रूपरेखा तय करता है।

### शहरों का विकास बाजार और भू-माफिया के भरोसे

इसके अभाव में शहरों का विकास बाजार और भू-माफिया के भरोसे छोड़ दिया जाता है। शहरी मामलों के जानकारों का कहना है कि मास्टर प्लान की अनुपस्थिति का सबसे अधिक लाभ अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों को मिला। जहां विकास की स्पष्ट दिशा नहीं होती, वहां कृषि भूमि का आवासीय उपयोग, संकरी गलियों वाली बसाहटें और बिना स्वीकृति के प्लॉटिंग तेजी से बढ़ती है। बाद में इन्हीं कॉलोनियों के नियमितीकरण की मांग उठती है और सरकारों पर राजनीतिक दबाव बनता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मास्टर प्लान केवल भवन निर्माण का दस्तावेज नहीं होता, बल्कि यह अगले 20 से 30 वर्षों की आबादी, यातायात, औद्योगिक विस्तार, हरित क्षेत्र और सार्वजनिक सुविधाओं की रूपरेखा तय करता है। इसके अभाव में शहरों का विकास बाजार और भू-माफिया के भरोसे छोड़ दिया जाता है।

### मोदी पेरिस पहुंचे, भारतीय मूल के लोगों ने स्वागत किया

# जी7 समिट में ट्रम्प बोले- मोदी के रहते भारत पर हमला हुआ तो अमेरिका साथ

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली/पेरिस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात करीब 2 बजे (भारतीय समय अनुसार) पेरिस पहुंचे। यहां होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। मोदी ने लोगों से हाथ मिलाया और बच्चों को दुलारा भी।

पीएम गुरुवार शाम विवा टेक 2026 कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद रहेंगे। एक दिन पहले मोदी फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित 52वें जी7 समिट में शामिल हुए। उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 18 मिनट द्विपक्षीय बातचीत हुई। ट्रम्प ने वादा किया है कि मोदी के रहते कभी भारत पर हमला होता है तो अमेरिका मदद के लिए साथ खड़ा होगा। मोदी के अलावा कोई और नेता भारत में होगा तो मुझे सोचना पड़ेगा।



- विवा टेक यूरोप का बड़ा तकनीकी सम्मेलन है, जहां दुनियाभर की नई इंडस्ट्रीज, टेक्निक कंपनियां, इंवेस्टर और एक्सपर्ट नई टेक्निक और इनोवेशन का डिस्प्ले करते हैं।
- मुख्य तौर पर आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस (एआई), स्टार्टअप और उद्यमिता, डिजिटल प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, भविष्य की उभरती तकनीकों पर उन पर चर्चा करते हैं।
- यहां भारत का राष्ट्रीय मंडप (इंडिया पैवेलियन) भी स्थापित किया गया है, जहां देश के स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।
- दरअसल, पीएम मोदी की 6 दिन फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा का आज अंतिम दिन है। मोदी 13-14 जून तक फ्रांस के नीस शहर में थे। इसके बाद 14 से 16 तक स्लोवाकिया में रहे। वहां से लौटकर एवियन में ऋ7 समिट में शामिल हुए।

# मानसून 8 जून से अटका, एमपी, यूपी और राजस्थान में 22 जून के बाद एंट्री लेगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

मानसून 8 जून से तेलंगाना के भद्राचलम में अटका हुआ है। यह यूपी में 18 से 20 जून, मध्य प्रदेश में 15-16 जून और राजस्थान में 20 जून तक पहुंच जाता था, लेकिन इस बार इन सभी राज्यों में 22 जून के बाद ही एंट्री लेगा। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है।

लगातार तीसरे साल जून में मानसून ने लंबा ब्रेक लिया है। हालांकि, 2024 और 2025 में मानसून के शुरूआती ब्रेक के बावजूद सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई थी। लेकिन इस साल 17 जून तक देश में सामान्य से 37.8% कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4-5 दिनों में मानसून आगे बढ़ सकता है। ऐसे में मानसून में कुल 13 से 15 दिन का ब्रेक दर्ज हो सकता है।

**अल नीनो के हालात भी बन रहे-** अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने उपग्रह के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन पर्याप्त गति से सक्रिय नहीं हो पाया है, इससे मानसून की रफ्तार धीमी है। यह सामान्य रूप से जून के मध्य तक उत्तर की ओर बढ़कर भारत में नमी खींचता है।

# 1 दिन की छूट मिली तो ढाई हजार तबादले

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

मोहन यादव सरकार द्वारा तबादलों में दी गई छूट के बाद प्रदेश में 16 दिन के अंतराल में 17000 से अधिक ट्रांसफर हुए हैं। अकेले करीब ढाई हजार ट्रांसफर तो 16 जून को हुए हैं जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग के तबादला आदेश जारी होना बाकी है क्योंकि इस विभाग में अभी ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया चल रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 जून को तबादला अवधि खत्म होने के बाद मंत्रियों के डिमांड पर एक दिन के लिए तबादला करने की छूट दी थी। मंगलवार की रात 12 बजे तक दी गई रियायत के बाद करीब 11 घंटे के अंतराल में विभागों की ओर से करीब ढाई हजार स्थानांतरण किए गए हैं जिसमें जिला और राज्य स्तर के तबादले शामिल हैं। 16 जून को जिन विभागों में स्थानांतरण किए गए हैं उसमें आबकारी विभाग, जेल विभाग, वन विभाग, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग, पंजीयन और मुद्रांक विभाग, लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अलावा नगरीय विकास और आवास विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पर्यावरण विभाग शामिल है। इसी तरह राजस्व विभाग, भू संसाधन साधन विभाग, पीएचई विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, महिला और बाल विकास विभाग ,आयुष विभाग, किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास व रोजगार विभाग, सहकारिता विभाग समेत अन्य विभागों में भी व्यापक तबादले किए गए हैं। शासन द्वारा तबादलों की विभागवार जानकारी ही एकत्र की जाती है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तबादला नीति जारी की जाती है, लेकिन किस विभाग में कितने तबादले हुए, इसका रिकार्ड नहीं रखा जाता है।

**प्रतिबंध हटने के बाद एमपी में 17000 से अधिक स्थानांतरण हुए**

## राष्ट्रपति की मौजूदगी में 21 को दीक्षांत समारोह



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

पत्रकारिता के गहन जानकार और इतिहास लेखक विजयदत्त श्रीधर को रानी दुर्गावती विवि, जबलपुर 21 जून को आयोजित दीक्षांत समारोह में डीलिट की मानद उपाधि से सम्मानित करेगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। विजयदत्त श्रीधर को पत्रकारिता इतिहास के प्रामाणिक शोध, प्रलेखन और माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान की स्थापना के लिए वर्ष 2012 में पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी पुस्तक पहला संपादकीय को भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार मिला था। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता पर उनकी शोध परियोजनाओं और ग्रंथों को अकादमिक जगत में व्यापक मान्यता मिली है। उनके कृतित्व पर दो शोधार्थी पीएचडी भी कर चुके हैं।

### टेलीग्राम बैन मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में आज सुनवाई

# केंद्र पेश करेगा चौंकाने वाले सबूत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

नीट पुनर्परीक्षा से पहले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि उसके पास टेलीग्राम के कथित दुरुपयोग से जुड़े ऐसे सबूत हैं जो बेहद चौंकाने वाले हैं। वहीं टेलीग्राम ने सरकार के फैसले को असंगत और अत्यधिक बताते हुए तत्काल राहत की मांग की। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने की अनुमति देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 जून को दोपहर 2:30 बजे के लिए सूचीबद्ध किया है।

अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई है। सरकार पिछले कई सप्ताह से इस मामले पर काम कर रही है और मई माह से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उन्होंने अदालत को बताया कि परीक्षा संबंधी गतिविधियों में शामिल कई टेलीग्राम चैनलों को बार-बार हटाए जाने के बावजूद वे नए रूप में दोबारा सक्रिय हो रहे थे।

केंद्र ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान बड़ी मात्रा में ऐसा सामग्री और डिजिटल साक्ष्य सामने आया है, जिससे प्लेटफॉर्म के कथित दुरुपयोग की पुष्टि होती है। सरकार का कहना है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और अन्य एजेंसियों की ओर से लगातार इनपुट मिल रहे थे कि कुछ चैनलों के माध्यम से प्रश्नपत्र लीक होने के दावे किए जा रहे हैं और अभ्यर्थियों से बड़ी रकम वसूली जा रही है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि सरकार अदालत के समक्ष विस्तृत तथ्य और आंकड़े प्रस्तुत करेगी, जो इस कार्रवाई को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त होंगे।





### पूरे मंच को बंद करना अनुपातहीन कार्रवाई

टेलीग्राम की ओर से कहा गया कि सरकार द्वारा भेजे गए ईमेल का जवाब तत्काल दिया गया था और आवश्यक कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई थी। कंपनी का दावा है कि उसने सद्भावना के साथ सहयोग किया और कई सक्रिय कदम भी उठाए। इसके बावजूद पूरे मंच को बंद करना अनुपातहीन कार्रवाई है। कंपनी ने अदालत में यह भी तर्क दिया कि प्रतिबंध संबंधी आदेश में पर्याप्त कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। टेलीग्राम का कहना है कि आदेश में स्पष्ट तर्कों का अभाव है और इसलिए इसकी वैधता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। कंपनी ने अंतरिम राहत की मांग करते हुए कहा कि पूरे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाना कानून की कसौटी पर टिक नहीं सकता।



## खबर एक नजर...

### जनकल्याण अभियान के अंतर्गत शिविर का शुभारंभ

**उज्जैन।** सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा सोमवार को नगदा में 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए। विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी गड़ी में नागदा में सांसद एवं अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा 03 दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। सांसद श्री फिरोजिया ने इस अवसर पर कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करना है तथा आम जन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ लें। उल्लेखनीय है कि शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र किंतु वंचित हितग्राहियों की विभागीय मेदानी अमले के सहयोग से पहचान कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण प्राथमिकता से किया जाएगा। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय हेतु पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सभी आवेदनों का इंद्राज एवं निराकरण संबंधी कार्यवाही की जाएगी। जिले के समस्त विभागों के अधिकारी प्रत्येक शिविर में उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं, सेवाओं, शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर यथा संभव मौके पर निराकरण सुनिश्चित करेंगे।विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल स्थापित कर योजनाओं की जानकारी, आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। शिविरों में लाभ वितरण, हितग्राही संवाद, सफलता की कहानियों का प्रस्तुतिकरण तथा योजनाओं के संबंध में जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

### मंछामन मल्टी निर्माण में देरी पर हितग्राहियों का विरोध, जल्द मकान देने की मांग

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही मंछामन मल्टी का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा होने के कारण हितग्राहियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों संदीप सूर्यवंशी, मनोज कसेरा एवं मदन राठौड़ के नेतृत्व अपना विरोध दर्ज कराते हुए शासन-प्रशासन से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर मकानों का आवंटन करने की मांग की। लोगो ने कहां की उन्हें वर्षों से मकान मिलने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन अब तक न तो निर्माण कार्य पूरा हुआ है और न ही मकानों का कब्जा मिल पाया है। इस संबंध में मौके पर पहुंचे अपर आयुक्त मनोज मौर्य ने हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आश्वासन दिया कि उनकी मांग शासन स्तर तक पहुंचाई जाएगी। निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कर आगामी तीन माह के भीतर मकानों का आवंटन करने का प्रयास किया जाएगा। हितग्राही पायल अटल एवं सोमेक्स सक्सेना ने बताया कि वे लंबे समय से अपने मकान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कई परिवार आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं और किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने शासन से जल्द समाधान की मांग की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मंछामन मल्टी का निर्माण कार्य लगभग 8 वर्ष बाद 21 जनवरी 2025 को पुनः शुरू हुआ था। ठेकेदार को निर्माण कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा 26 जनवरी 2026 तक दी गई थी, लेकिन समय पर भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे निर्धारित अवधि में कार्य पूरा नहीं हो सका। परियोजना से जुड़े लगभग 200 हितग्राही वर्तमान में किराए के मकानों में रह रहे हैं। इनमें से कई लोगों ने आवास की किश्त जमा करने के लिए ब्याज पर राशि भी ली है।

# व्यवस्था परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षकों को बनना होगा समाज का आदर्श मार्गदर्शक

### आरएसएस के प्रांत कार्यवाह विनीत नवाथे ने 'पंच परिवर्तन' के तहत नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक समरसता पर दिया विशेष जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज जागरण के लिए पांच प्रमुख कार्यों को विशेष रूप से सामने रखा गया है, जिन्हें 'पंच परिवर्तन' कहा जाता है। इसके अंतर्गत नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों को समाज के केंद्र में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इन सभी क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं बल्कि समाज का मार्गदर्शक और संस्कारदाता भी होता है। विद्यार्थी अपने शिक्षक के केवल कथन को नहीं सुनता, बल्कि उसके व्यवहार और व्यक्तित्व का भी अनुकरण करता है। इसलिए शिक्षकों को समाज में आदर्श आचरण प्रस्तुत करना होगा।

यह सारगर्भित मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत के प्रांत कार्यवाह विनीत लक्ष्मण नवाथे ने दिया। वे लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग 2026 के छठे दिन के द्वितीय सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। 'व्यवस्था परिवर्तन में शिक्षक की भूमिका' विषय पर आयोजित इस सत्र का शुभारंभ संगठन मंत्र एवं मां सरस्वती

के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सत्र का संचालन सुनील शर्मा ने किया। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव एवं कार्यक्रम के संयोजक व लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेष त्रिपाठी मंचासीन रहे।

मुख्य वक्ता नवाथे ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में जातिगत भेदभाव, छुआछूत और व्यक्तिगत अहंकार सामाजिक एकता में बाधक हैं। संत रविदास के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि महान संतों को भी सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा, किंतु उन्होंने समाज को समरसता और समानता का संदेश दिया। मंदिर भगवान का होता है, किसी विशेष वर्ग या समाज का नहीं। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति समान भाव से व्यवहार करेगा तभी वास्तविक सामाजिक समरसता स्थापित होगी। कुटुंब प्रबोधन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार संस्कारों की प्रथम पाठशाला है।

### उज्जैन के लय और लक्ष्य शर्मा का नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के होनहार खिलाड़ी लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा का चयन 'नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026' के लिए हुआ है। सब-जूनियर वर्ग की यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 17 से 21 जून तक इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल (आईपीएस) मेन कैंपस में आयोजित की जा रही है।

दोनों चयनित खिलाड़ी किकबॉक्सिंग कोच ज्वलंत शर्मा के पुत्र हैं। इससे पूर्व आयोजित राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में लय शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था, जबकि लक्ष्य शर्मा ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया था। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों का चयन अब राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन के आधार पर इटली के वेनिस में आयोजित होने वाली 'यूथ वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026' के लिए भी खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। लय और लक्ष्य इससे पहले भी कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इन दोनों उदीयमान खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से शहर के खेल प्रेमियों में हर्ष है।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा कर्मचारियों के लंबित भुगतान एवं श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना के विरोध में बुधवार को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने सरकार से शीघ्र बकाया भुगतान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली शहीद पार्क से प्रारंभ होकर टावर चौक पहुंची, जहां कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वर्ष 2006 में श्री सिंथेटिक्स कंपनी बंद होने के बाद से वे लगातार अपने बकाया भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष एवं रैली संयोजक प्रकाश सोलंकी ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि श्री सिंथेटिक्स की लगभग 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा एक परियोजना प्रस्तावित की गई है। यह भूमि वर्तमान में माननीय कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त लिक्विडेटर के अधीन है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनका लंबित हिसाब-किताब और बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक प्रस्तावित परियोजना का विरोध जारी रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ते-लड़ते कई कर्मचारी इस दुनिया से विदा हो चुके हैं, लेकिन आज भी उनके परिवारजन, पत्नियां और आश्रित इस आंदोलन में शामिल होकर न्याय की मांग कर रहे हैं।

# महाराणा प्रताप शौर्य यात्रा का बैरवा महासभा ने किया भव्य स्वागत

### मंच से राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के अतिथियों का हुआ आत्मीय सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर निकाली गई 32वीं शौर्य यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा की उज्जैन जिला इकाई ने भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मरमट के नेतृत्व में समाजजनों ने अतिथियों का आत्मीय सम्मान किया।

मंच से बिहार की सांसद लवली नंदसिंह, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रीना सिंह, गोवा के पूर्व एसपी महेश सिंह ओमगांवकर, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल सिंह चंदेल और हरदयाल सिंह ठाकुर का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। साथ ही विजय सिंह गौतम, संजय ठाकुर, मनोज ठाकुर और विजेंद्र सिंह कोकलाखेड़ी का भी सम्मान किया गया। इस दौरान युवा विंग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह खींची और प्रदेश अध्यक्ष राजा ठाकुर का भी स्वागत हुआ। इसके साथ ही क्षत्रिय महासभा की महिला पदाधिकारियों एवं महिला समाजजनों का भी बैरवा समाज की महिलाओं द्वारा विशेष रूप से स्वागत व सम्मान किया गया।

महामंत्री राहुल अखंड एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप बेंडवाल के अनुसार इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष शीला मरमट और प्राधिकरण संचालक सुशीला जाटवा, दीपक मेहरे, पार्षद सुरेंद्र मेहर, लालचंद भारती, राष्ट्रीय युवा महामंत्री राजकुमार केरोल, जयप्रकाश जुनवाल, मनीष जाटवा, मोतीलाल निर्मल, जगदीश मरमट और महंत अशोक भारती विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा नवीन ढंडेरवाल, राजेश भारती, अशोक मिमरोट, और दुर्गेश धवन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### अनाथों और जरूरतमंदों को परिवार मानकर कर रहे सेवा, युवाओं को नशे से दूर रहने का दे रहे संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानव सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म मानते हुए जोगी पीर रामनाथ सेवा समिति वृद्ध आश्रम एवं अनाथालय में रविवार को महावीर नाथ जी महाराज द्वारा सेवा कार्य किया गया। आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के बीच समय बिताकर उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें अपनापन दिया। महावीर नाथ जी महाराज ने कहा कि इन लोगों के बीच आकर मुझे अपने परिवार जैसा महसूस होता है। जिन लोगों का कोई सहारा नहीं होता, उनके लिए आश्रम ही उनका परिवार बन जाता है। इनकी सेवा करने से मन को अद्भुत शांति मिलती है। सनातन धर्म भी हमें सेवा और मानवता का मार्ग दिखाता है, इसलिए हमें हर जरूरतमंद की सेवा करनी चाहिए। सेवा कार्यों के साथ-साथ नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहकर संस्कार और सनातन संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरी दुनिया को नशे से मुक्त करना संभव नहीं है, लेकिन यदि हमारी कोशिशों से कुछ लोग भी नशा छोड़कर बेहतर जीवन की ओर बढ़ते हैं तो यही सबसे बड़ी सफलता है। आश्रम में रह रही महिलाओं ने कहा कि उन्हें यहां परिवार जैसा माहौल मिलता है। अब उन्होंने यहीं अपना जीवन बिताने का निर्णय लिया है। यहां उन्हें अपनापन, सुरक्षा और सम्मान मिलता है। महावीर नाथ जी महाराज ने कहा कि सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### 21 जून को देवास में होगा जिला सम्मेलन

# अजाक्स उज्जैन संभाग के रतलाम जिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अजाक्स (अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन) उज्जैन संभाग के रतलाम जिला सम्मेलन का आयोजन रतलाम में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मध्यप्रदेश अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा साहब ने की।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव महेश बिरोलिया, उज्जैन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर एमपी विमल, डॉ. ओहरी सहित गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ साथी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सम्मेलन का आयोजन रतलाम जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रमेश कटारिया एवं जिला कार्यकारिणी रतलाम द्वारा किया गया। इस दौरान उज्जैन संभाग के सभी जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा साहब का गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मेलन में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, अजाक्स एजेंडे एवं सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उज्जैन संभाग के समस्त जिला अध्यक्ष, संभागीय पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी, तहसील एवं ब्लॉक कार्यकारिणी तथा अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के सामाजिक संगठनों के प्रमुख साथियों को देवास में आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। अजाक्स उज्जैन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, रतलाम जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी एवं देवास जिला अध्यक्ष हेमराज गोखले ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन में प्रस्तावित विशाल एवं भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। दिनांक 28 जून 2026 रविवार को प्रातः 11 बजे से प्रस्तावित मालवांचल संभागीय महाधिवेशन को लेकर रतलाम जिला सम्मेलन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजाक्स एजेंडे को लेकर चर्चा एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। उज्जैन में अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी के मालवांचल संभागीय अधिवेशन को लेकर प्रदेश महासचिव महेश बिरोलिया, प्रदेश सचिव रमेशचंद्र चगेसिया, प्रदेश संयुक्त सचिव जेपी अहिरवार, रामकृष्ण वर्मा, उज्जैन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, जिला अध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार, जिला अध्यक्ष बद्रीलाल पवार, डॉ. तारा परमार, दयाराम मालवी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के नेतृत्व में उज्जैन संभाग के सभी जिलों में अजाक्स एजेंडे को लेकर जिला स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

# सीए विद्यार्थियों ने जानी उद्योग संचालन और प्रबंधन की बारीकियां

### आईसीएआई की छात्र इकाई सिकासा ने कराया औद्योगिक भ्रमण, उत्पादन व गुणवत्ता नियंत्रण की समझी आधुनिक कार्यप्रणाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उज्जैन शाखा की छात्र इकाई सिकासा द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए शहर के प्रतिभा स्वराज में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में बड़ी संख्या में सीए विद्यार्थियों ने भाग लिया और उद्योग संचालन की बारीकियों को करीब से समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, संचालन प्रबंधन तथा आधुनिक औद्योगिक कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभा स्वराज के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों का भ्रमण कराते हुए निर्माण प्रक्रिया एवं प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर अपने व्यावहारिक ज्ञान का विस्तार भी किया।

#### व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध बनाते हैं ऐसे आयोजन

इस अवसर पर शाखा पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराते हैं तथा उनके किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव को भी समृद्ध बनाते हैं। कार्यक्रम में उज्जैन शाखा अध्यक्ष सीए आशीष तोतला, सिकासा अध्यक्ष सीए आतुश जैन, सचिव सीए अनीश चौधरी, कोषाध्यक्ष सीए रितेश तलरेजा, पूर्व अध्यक्ष सीए अकृत जैन और सदस्य सीए अंकुर गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल समन्वय मानव भावसार ने किया। आयोजन के पश्चात ब्रांच पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभा स्वराज प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया।

### क्षीरसागर स्थित 500 साल पुराने शेषनारायण मंदिर में लगा छप्पन भोग

# महाआरती के साथ हुआ अधिक मास का समापन, शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सनातन धर्म के पवित्र अधिक मास का सोमवार को उत्साह और धर्ममय माहौल के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर क्षीरसागर स्थित अवंतिका के अति प्राचीन शेषनारायण मंदिर में शुक्ला परिवार द्वारा भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान शेषनारायण को 56 से अधिक प्रकार के व्यंजनों का नैवेद्य अर्पण कर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुख-समृद्धि की कामना की।


अधिक मास के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बीते एक माह से धार्मिक अनुष्ठान जारी थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन भगवान शेषनारायण के दर्शन लाभ लेने के साथ ही पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के मुखारविंद से भागवत कथा का रसपान किया। सोमवार को कथा और अधिक मास दोनों का विधिवत समापन अन्नकूट महोत्सव के साथ किया गया। बाबा महाकाल की नगरी अपने प्राचीन और आध्यात्मिक मंदिरों के लिए विश्वविख्यात है। यहां भगवान विष्णु के नौ विभिन्न स्वरूपों को समर्पित नौ नारायण मंदिरों की यात्रा का विशेष महत्व है। क्षीरसागर स्थित शेषनारायण मंदिर इन्हीं नौ नारायण में से एक है। धार्मिक मान्यता है कि इन मंदिरों के दर्शन मात्र से नौ ग्रहों की शांति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

मंदिर में विराजमान भगवान शेषनारायण की प्रतिमा लगभग 500 वर्ष पुरानी और अत्यंत मनोहारी है। इस दुर्लभ प्रतिमा में भगवान शेषनारायण शेषनाग की शय्या पर विश्राम कर रहे हैं और माता लक्ष्मी उनके चरण दबा रही हैं। भगवान की नाभि से खिले हुए कमल पर ब्रह्मा जी विराजमान हैं और साथ ही जय-विजय भी उपस्थित हैं। अन्नकूट महोत्सव और महाआरती के अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, संजय शुक्ला, दिग्विजय शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, गौरव शुक्ला, यश राज शुक्ला, आशीष शुक्ला, विशाल शुक्ला, आयुष शुक्ला, अथर्व शुक्ला, अंशुमान शुक्ला, सुनीता शुक्ला, उर्मिला शुक्ला, मीना शुक्ला, शैलजा शुक्ला, लता शुक्ला, अर्चना शुक्ला, सुषमा शुक्ला, रक्षा शुक्ला और ज्योति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 50 वर्ष में 5000 भक्तों को कराए महाकाल दर्शन, मुस्तफा आरिफ का सम्मान करेगी महाकाल सेना

### उदयपुर के श्रद्धालु के दर्शन के साथ पूरा हुआ अनुष्ठान, 1985 से निशुल्क दे रहे भस्म आरती और दर्शन की सेवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क दर्शन और भस्म आरती की सुविधा उपलब्ध कराने वाले आध्यात्मिक रचनाकार और वरिष्ठ पत्रकार पंडित मुस्तफा आरिफ का महाकाल सेना जल्द ही सम्मान करेगी। उन्होंने विगत 50 वर्षों की निस्वार्थ सेवा के दौरान 5000 श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन कराने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

महाकाल सेना के प्रमुख महेश पुजारी ने बताया कि 1985 से शुरू हुई इस सेवा के तहत पिछले सोमवार को उदयपुर से आए श्रद्धालु अभिनंदन को दर्शन कराने के साथ ही 5000 भक्तों को दर्शन कराने का यह पुनीत अनुष्ठान पूरा हो गया। उज्जैन आने के इच्छुक श्रद्धालु जब उनसे संपर्क करते हैं, तो वे स्थानीय संपर्कों और मंदिर प्रशासन से जुड़े सेवकों के सहयोग से बिना किसी शुल्क के उनके दर्शन की व्यवस्था करवाते हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाकाल सेना उनका अभिनंदन करेगी।


पंडित मुस्तफा आरिफ ने हाल ही में भगवद गीता पर आधारित 'गीता भारती' की रचना की है, जिसमें उन्होंने गीता के 700 श्लोकों का 786 हिंदी मुक्तकों में रूपांतरण किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित निवास पर इसका लोकार्पण करते हुए इस प्रयास को अद्भुत और अनुकरणीय बताया था।

#### सिंहस्थ में मिली थी पंडित की उपाधि

पंडित मुस्तफा आरिफ वर्तमान में महाकाल सेना के आजीवन संरक्षक हैं। वे पूर्व में महाकालेश्वर मंदिर की प्रशासनिक समिति से संबद्ध प्रचार-प्रसार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। बाबा बाल हनुमान मंदिर के ब्रह्मलीन शांतु गुरु महाराज ने उन्हें मंदिर का आजीवन प्रचार प्रभारी बनाया था। इसके अलावा 1992 के सिंहस्थ में भानपुरा पीठ के ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी दिव्यानंद जी तीर्थ ने उन्हें पंडित और परशुरामश्री की उपाधि से विभूषित किया था।

उज्जैन
गुरुवार
18
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### क्रिप्टोकरेंसी में नुकसान के बाद रची लूट की साजिश

**इंदौर।** इंदौर के स्क्रैप व्यापारी मुकुल अग्रवाल से हुई करीब 30 लाख रुपए की लूट का बुधवार को खुलासा हो गया। पुलिस ने मामले में रिटायर्ड सैनिक चंद्रशेखर मुकाती समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि क्रिप्टोकरेंसी में भारी नुकसान होने के बाद मुख्य आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की पूरी साजिश रची थी। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी चंद्रशेखर मुकाती एक अन्य स्क्रैप व्यापारी के यहां काम करता था और उसे व्यापार से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी थी। आर्थिक तंगी और क्रिप्टोकरेंसी में हुए नुकसान के चलते उसने अपने साथी प्रवीण भंडारी और अमर उर्फ भांजा के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। जांच में पता चला कि प्रवीण भंडारी ने फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया और अमर के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। लूट के बाद आरोपी एक सेकेंड हैंड कार खरीदकर शहर से बाहर फरार हो गए थे। पुलिस ने लूटकांड में सहयोग करने वाले फिरोज और कपिल भंडारी को भी आरोपी बनाया है। पुलिस के अनुसार फिरोज ने वारदात के लिए प्रवीण को एक्टिवा उपलब्ध कराई थी, जबकि कपिल ने आरोपियों को ठहरने और छिपने में मदद की थी।

### पूर्वी क्षेत्र के कई हिस्सों में बारिश, पश्चिम क्षेत्र में बूंदाबांदी

**इंदौर।** इंदौर में दो दिनों से दिन और रात का तापमान एक जैसा रहने के बाद बुधवार शाम तक भी मौसम ऐसा ही रहा। फिर तेज हवा चली और पूर्वी क्षेत्र के कई हिस्सों में बारिश शुरू हो गई। दूसरी ओर पश्चिम क्षेत्र के हिस्सों में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं रिमझिम हुई। इस बदलाव के बाद मौसम में ठंडक घुली हुई है। पूर्वी क्षेत्र में शाम 4.30 बजे शुरू हुई बारिश कभी हल्की तो कहीं रिमझिम रही। करीब एक घंटे तक ऐसा क्रम चला और फिर बारिश एकदम कम हो गई। वैसे इस सीजन में अब तक 2 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी एक दो दिन इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मानसून 15 जून तक एंटर हो जाता है। पिछले 10 साल में 2021 में मानसून 9 जून को ही प्रवेश कर गया था। सबसे लेट एंट्री 2018 में 25 जून को हुई थी। पिछले साल 2025 में मानसून 16 जून को ही आ गया था और पूरे प्रदेश में सामान्य से ज्यादा पानी गिरा था। इस बार मानसून एक सप्ताह लेट हो जाएगा। ऐसे में जून की बारिश का ओवरऑल आंकड़ा काफी पीछे चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 से 16 जून तक ओवरऑल 35% पानी कम गिरा है। करीब इंच बारिश हुई है, जबकि अब तक डेढ़ इंच पानी गिरना था। पूर्वी हिस्से की स्थिति ज्यादा खस्ता है। यह सामान्य की आधी बारिश भी नहीं हुई है।

### खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह का गेट हुआ चौड़ा

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह का मुख्य गेट चौड़ा हो गया है। तोड़फोड़ के बाद अब भगवान के दर्शन और आसानी से होने लगे है। हालांकि अभी यहां काम जारी है, गेट का भी सुधार काम होना है। इस काम के बाद गर्भगृह के बाहर बने सभामंडप को भी दो से ढाई फीट नीचे किया जाएगा। दरअसल, मंदिर के मास्टर प्लान के तहत यहां पर कई काम होना है। पहले चरण में मंदिर के गर्भगृह के मुख्य गेट तो चौड़ा किया जाना था, इसके चलते भगवान गणेश को ग्लास से कवर कर दिया गया था। इसके बाद यहां पर द्वार को चौड़ा करने का काम शुरू किया गया और गेट को तोड़कर चौड़ा कर दिया गया है। हालांकि गेट का सुधार काम भी होना है। गेट का सुधार काम होने के बाद यहां पर जो चांदी निकाली गई थी, उसे लगाया जाएगा। गेट के काम के बाद अब यहां पर गर्भगृह के सामने बने सभामंडप को दो से ढाई फीट नीचे किया जाएगा। इसकी वजह यह है कि सभामंडप में लोगों की भीड़ होने पर पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन करने में दिक्कत होती है, इसे देखते हुए ही यह निर्णय लिया गया था। सभामंडप के काम के बाद दर्शन हॉल का काम शुरू किया जाएगा। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए मंदिर परिसर में ओर भी काम होना है, जिससे यहां आने वाले भक्तों को कई सुविधा मिल सकेगी।

### तीन पार्षदों के दलबदल मामले में हाईकोर्ट का अल्टीमेटम

**इंदौर।** नगर निगम इंदौर के तीन पार्षदों के खिलाफ दायर दलबदल प्रकरण में हाईकोर्ट ने राज्य शासन को फैसला लेने के लिए एक माह की अंतिम मोहलत दी है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में आदेश का पालन नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से लागत वसूली जा सकती है। यह मामला वार्ड क्रमांक 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट द्वारा एडवोकेट जयेश गुरनानी के माध्यम से दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका में पार्षद ममता सुभाष सुनेर, शिवम यादव और विनीता धर्मेंद्र मौर्य की सदस्यता को चुनौती देते हुए आरोप लगाया गया था कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने अपनी मूल राजनीतिक निष्ठा छोड़कर दूसरे दल का समर्थन किया, जिससे वे दलबदल कानून के तहत अयोग्यता की श्रेणी में आते हैं। याचिकाकर्ता ने 20 मई 2024 को मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 17(3) के तहत राज्य शासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

---

इंदौर में पानी पर दो घंटे मंथनः तालाबों के कैचमेंट से हटेगा अतिक्रमण

# भूजल बिक्री पर रोक, दूषित बोरिंग पर निगम सख्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में आगामी बारिश और भविष्य की जल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम और प्रशासन ने जल प्रबंधन को लेकर बड़ा मंथन किया। निगम कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में शहर के जल स्त्रोतों, भूजल स्तर, तालाबों और सीवरेज व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी किशोर कोडवानी ने 11 पन्नों का प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें शहर के जल प्रबंधन से जुड़े आंकड़े, समस्याएं और समाधान रखे गए। करीब दो घंटे चली इस बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल प्रभारी अभिषेक शर्मा, पार्षद, निगम अधिकारी और जलूद क्षेत्र के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पानी की आवक, सप्लाई, लीकेज और जल संरक्षण के मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा की गई।

महापौर ने सुबह लिंबोदी और कनाड़िया तालाब का दौरा कर वहां चल रहे गहरीकरण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि लिंबोदी तालाब में अब तक करीब 50 हजार क्यूबिक मीटर गहरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है और रिटेनिंग वॉल व वॉल पिचिंग का काम तेजी से चल रहा है।

निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि बायपास से लिंबोदी तक की चैनल को तो खोला जा चुका है, लेकिन रालामंडल से बायपास तक की चैनल पर कई जगह अतिक्रमण बना हुआ है। इस पर महापौर ने कलेक्टर शिवम वर्मा को निर्देश दिए हैं कि बारिश शुरू होने से पहले इन अतिक्रमणों को हटाया जाए। पंचायत क्षेत्रों में तालाबों के कैचमेंट एरिया पर हुए कब्जों को हटाने के लिए भी अभियान चलाया जाएगा।

**पुराने बोरिंग में सीवरेज मिलने की शिकायत–** इधर, शहर के एक हिस्से में पुराने बोरिंग के पानी में सीवरेज मिलने की शिकायत पर भी निगम ने तुरंत कार्रवाई की है। अधिकारियों के मुताबिक जानकारी मिलते ही टीम भेजकर ड्रेनेज लाइन और बोरिंग की समस्या को दुरुस्त किया गया। साथ ही संबंधित बोरिंग की सफाई कर उसे बंद करने के निर्देश भी दिए गए हैं। दूषित पानी की वजह से कुछ लोगों के बीमार होने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की टीम प्रभावित क्षेत्र में जांच कर रही है। निगम द्वारा वहां टैंकरों से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि मेडिकल टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

#### जलूद-बिजलपुर कंट्रोल रूम से होगी मॉनिट्रिंग

बैठक में तय किया गया कि जलूद और बिजलपुर कंट्रोल रूम में टंकियों की भराई और पानी की सप्लाई की मीटरिंग की जाएगी। साथ ही क्लोरीन मेंटेनेंस की व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा ताकि जल गुणवत्ता बेहतर बनी रहे। भूजल के संरक्षण को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। निगम द्वारा आम लोगों को यह जानकारी दी जाएगी कि कौन सा भूजल पीने योग्य है और कौन सा नहीं। इसके अलावा भूजल की व्यावसायिक बिक्री पर रोक लगाने, ट्यूबवेलों का पंजीयन करने और उनके उपयोग का रिकॉर्ड तैयार करने पर भी सहमति बनी।

#### तालाबों का होगा डेवलपमेंट

तालाबों और जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर मास्टर प्लान के अनुसार काम करने का निर्णय लिया गया। नदी और तालाबों का वाटरशेड मैप के आधार पर सीमांकन किया जाएगा। इनके प्राकृतिक बहाव क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगाने और रिवर फ्रंट डेवलपमेंट जैसे प्रस्तावों की समीक्षा करने की बात भी सामने आई।

#### इधर, निगम आयुक्त पहुंचे नर्मदा कंट्रोल रूम

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बिजलपुर स्थित नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचकर जलूद क्षेत्र में चल रहे मरम्मत कार्य और प्रभावित इलाकों की जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आयुक्त को बताया कि नर्मदा प्रथम और द्वितीय चरण की 1400 एमएम व्यास की पाइपलाइन में सुबह करीब 6:45 बजे लीकेज हुआ, जिसके चलते दोनों चरणों के सभी पंप तत्काल बंद करना पड़े। इसके बाद निगम की टीम ने युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया। आवश्यक सुधार के बाद दोपहर 2:25 बजे दोनों चरणों के पंप दोबारा चालू कर दिए गए। लीकेज के कारण 17 जून को बिलावली और अन्नपूर्णा टंकी क्षेत्र में सीधी जलापूर्ति प्रभावित रही। वहीं पंप बंद रहने से 18 जून की सुबह होने वाली सप्लाई के लिए टंकियों और जलाशयों में पर्याप्त जल भंडारण नहीं हो सकेगा। ऐसे में कई क्षेत्रों में कम दबाव से पानी मिलने की संभावना है।

---

श्रद्धालुओं और यात्रियों को मिलेगी सुविधा

# 20 जून को सीएम करेंगे इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का बहुप्रतीक्षित भूमि पूजन 20 जून को इंदौर जिले के चंद्रावतीगंज में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कॉरिडोर विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है जिससे लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।



कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और कलेक्टर शिवम वर्मा ने चंद्रावतीगंज स्थित सागर गार्डन पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत भ्रमण कर विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मंच, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था और बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं और कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। मंत्री सिलावट और कलेक्टर वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। प्रशासन ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं।

#### प्रोजेक्ट की प्रमुख बातें

- **लंबाईः** लगभग 48.10 किलो मीटर।
- **सड़कः** एक्सेस-कंट्रोल्ड फोरलेन (भविष्य में विस्तार की संभावना)।
- **शुरूआतः** इंदौर के पित्र पर्वत क्षेत्र के पास।
- **समाप्तिः** उज्जैन के सिंहस्थ बायपास क्षेत्र तक।
- **निर्माण एजेंसीः** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन।
- **निर्माण मॉडलः** हाइब्रिड एन्युटी मॉडल।
- **निर्माण लागतः** लगभग 1,089 करोड़ रुपये (निर्माण अनुबंध लागत)।

---

# स्कॉर्पियो पलटी, भाजपा प्रवक्ता की पत्नी और भतीजे की मौत

## इंदौर से नई कार खरीदने भोपाल जा रहा था परिवार, दो बच्चो समेत 10 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नई कार खरीदने की खुशी में इंदौर से भोपाल जा रहा एक परिवार बुधवार को दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। देवास जिले के सोनकच्छ के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में सेंधवा के भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल की पत्नी संगीता अग्रवाल और उनके भतीजे मयूरेश गर्ग की मौत हो गई, जबकि डेढ़ और दो साल के दो मासूम बच्चों समेत 10 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, गर्ग और अग्रवाल परिवार के 12 सदस्य स्कॉर्पियो से भोपाल जा रहे थे। परिवार को नई कार खरीदनी थी। बताया जा रहा है कि जिस मॉडल की कार उन्हें चाहिए थी, वह इंदौर में उपलब्ध नहीं थी।

इसलिए सभी लोग भोपाल के लिए निकले थे। रास्ते में सोनकच्छ के पास जावर थाना क्षेत्र में वाहन का संतुलन बिगड़ गया और स्कॉर्पियो हाईवे पर पलट गई।

**लोगों ने घायलों को बाहर निकाला–** हादसे में इंदौर निवासी मयूरेश गर्ग (38) पुत्र संतोष गर्ग और संगीता अग्रवाल (51) पत्नी सुनील अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आपस में बुआ-भतीजे थे। संगीता अग्रवाल सेंधवा के भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल की पत्नी थीं।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को पहले सोनकच्छ अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इंदौर के मुंबई अस्पताल रेफर कर दिया गया।

---

30 लाख की लूटः 8 दिन पहले से कर रहे थे रैकी

# 3 बदमाशों से 22.60 लाख बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पंढरीनाथ इलाके में स्क्रैप व्यापारी के कर्मचारी के साथ हुई 29.65 लाख रुपए की लूट का बुधवार को खुलासा हो गया। लूट को परदेशीपुरा के लिस्टेड बदमाश अमर उर्फ भांजा (42) ने साथी प्रवीण भंडारी (27) निवासी पालदा और एक्स आर्मी मैन चंद्रशेखर मुकाती (43) निवासी कन्नोद के साथ मिलकर अंजाम दिया था। आरोपी आठ दिन पहले से व्यापारी के कैश ले जाने वाले युवक मुकुल अग्रवाल की रैकी कर रहे थे। आरोपियों से 22 लाख 60 हजार कैश बरामद हुआ है। लूट की राशि से एक कार और चांदी के जेवर भी खरीदे थे।

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया, तीनों बदमाशों ने षड्यंत्र रचकर लूट की थी। चंद्रशेखर को जानकारी थी कि मुकुल छोटा है और अकेले लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन करता है। फिर आरोपी प्रवीण के जरिये बदमाश अमर भांजा इनसे जुड़ा। लूट के पहले व बाद में आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए कई बार वाहन बदले। ये हमेशा अपने चेहरे ढंककर रखते थे, ताकि पहचान न हो सके। लूट के बाद ये अपने दोपहिया वाहन गाड़ी अड्डा में छोड़कर, उसकी नंबर प्लेट निकालकर ऑटो रिक्शा से बायपास होकर भागे थे। 800 कैमरों के फुटेज से अमर की पहचान 800 से ज्यादा कैमरों के फुटेज देखने के बाद तीनों बदमाशों के चेहरे स्पष्ट मिले तो पुलिस अमर भांजे की पहचान कर पाई, फिर प्रवीण और चंद्रशेखर को पकड़ा। उधार चुकाने, क्रिप्टो करेंसी का नुकसान भरने के लिए की लूट लूट के पीछे प्रवीण भंडारी और चंद्रशेखर मुख्य षड्यंत्रकारी रहे। एक्स आर्मी मैन होने के कारण चंद्रशेखर शहर के व्यापारी नवल जैन के यहां पीएसओ बनकर काम करता था।

---

फेसबुक से बैंक ऑफ इंडिया का पेंशनर्स ऐप डाउनलोड किया, 6.66 लाख रुपए गंवाए

# इंदौर में बैंक से रिटायर्ड 80 वर्षीय बुजुर्ग से ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। तुकोगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग के साथ बैंक ऑफ इंडिया के पेंशनर्स ऐप के नाम पर 6 लाख 66 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड स्थित सिल्वर स्टड अपार्टमेंट निवासी सत्यनारायण सराफ (80) बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड हैं। उन्होंने मंगलवार को अपनी शिकायत में बताया कि 17 फरवरी 2026 को वह फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें बैंक ऑफ इंडिया के पेंशनर्स ऐप का विज्ञापन दिखाई दिया, जिसे उन्होंने अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लिया।



**जानकारी देते ही आने लगे कई ओटीपी–** ऐप इंस्टॉल करने के दौरान कैमरा, एसएमएस और अन्य एक्सेस की अनुमति मांगी गई, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद ऐप में बैंक अकाउंट में पेंशन आने के लिए डेबिट कार्ड नंबर और उश्श की जानकारी मांगी गई। जानकारी दर्ज करने के बाद मोबाइल पर कई ओटीपी आने लगे। उन्हें लगा कि कोई गलती हुई है, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। रात में उनके मोबाइल पर बैंक के मैसेज आने शुरू हुए, जिसमें पता चला कि उनका अकाउंट खाली हो गया है और उससे करीब 6 लाख 66 हजार रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। बाद में पता चला कि उनका फेसबुक और ईमेल अकाउंट भी हैक हो गया है। मामला तुकोगंज पुलिस को सौंपा गया, जहां एफआईआर दर्ज की गई। अन्नपूर्णा पुलिस ने दीपक सोलंकी निवासी विश्वकर्मा नगर की शिकायत पर भी ठगी का मामला दर्ज किया है। दीपक के मुताबिक, उन्होंने 8 जून को योनो ऐप से एसबीआई अकाउंट चेक किया, जिसमें 1 लाख 38 हजार रुपए कम मिले।

---

माता-पिता को स्वीकृत सहायता राशि का इंतजार, 9 करोड़ इकट्ठा होते ही मिलेगा बच्ची को इलाज

# अनिका शर्मा के लिए अब तक जुटा चुके हैं 8 करोड़ 23 लाख रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की अनिका शर्मा के लिए अब तक 8 करोड़ 23 लाख रुपए इकट्ठा हो गए हैं। अब माता-पिता को इंजतार है कि जिन्होंने राशि देने का वादा किया था वह भी जल्द राशि उपलब्ध करा दें तो उनकी बेटी का इलाज जल्द शुरू हो सकेगा।

इंदौर की अनिका शर्मा एसएमए-टाईप 2 बीमारी से पीड़ित है। इसके इलाज के लिए 9 करोड़ रुपए इंजेक्शन लगेगा, जो अमेरिका से आना है। पिछले कई महीनों से अनिका की मां सरिता और पिता प्रवीण ने कई लोगों के साथ मिलकर क्राउड फंडिंग की और इस क्राउड फंडिंग से करोड़ों रुपए भी बेटी के इलाज के लिए जमा कर लिए।



हालांकि बेटी के इलाज के लिए दो क्राइटेरिया थे, एक उम्र का दूसरा वजन का। उम्र का क्राइटेरिया तो निकल गया, लेकिन वजन के क्राइटेरिया को माता-पिता ने बड़ी जद्दोजहद करके कंट्रोल कर रखा है, इसके लिए अनिका को लिक्विड डाइट पर भी रखा गया, ताकि उसका वजन ना बढ़े।

इंदौर के साथ ही शहर के आसपास के क्षेत्रों में भी परिवार ने अन्य लोगों के साथ मिलकर क्राउड फंडिंग की थी। वहीं कई लोगों ने इलाज के लिए राशि देने की भी घोषणा की थी। अब माता-पिता को ये सहायता राशि मिलने का इंतजार है।

#### कई सेलिब्रिटी कर चुके हैं अपील

अनिका शर्मा के लिए फंडिंग के लिए कई सेलिब्रिटी भी अपील कर चुके हैं। वीडियों के माध्यम से की गई उनकी इस अपील का काफी असर भी देखने को मिला। अनिका के लिए सोनू सूद, रजा मुराद, बिग बॉस की आवाज विजय विक्रम सिंह सहित कई सेलिब्रिटी वीडियो के माध्यम से फंडिंग के लिए अपील भी कर चुक है, वहीं कई सेलिब्रिटी से अनिका मिल भी चुकी हैं।

#### मिली 1 करोड़ 20 लाख की मदद

अनिका की मां सरिता शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं ₹रटअ टंल्ल ज्ञा क्ल्ल्रिं प्रतीक क्वात्रा ने टू होप फाउंडेशन के साथ मिलकर अनिका शर्मा के लिए 1.20 करोड़ की सहायता की है। राशि का चेक भी उन्होंने सौंप दिया है। माता-पिता ने अपील की है कि जिन लोगों ने अनिका का मदद का आश्वासन दिया था अगर वे भी राशि उपलब्ध करा दे तो उनके बेटी का इलाज जल्द से जल्द हो सकेगा।

# तीन दिनों में दूसरी बार काटी किसानों की केला फसल

## तीन दिन पहले भी हुई थी ऐसी ही वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अड़गांव में इन दिनों किसान और उनकी फसलें असामाजिक तत्वों के निशाने पर हैं। अड़गांव में महज तीन दिनों के भीतर फसल बबार्दी की यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है।

ताजा मामले में अज्ञात बदमाशों ने एक ही परिवार के तीन किसानों को अपना निशाना बनाया। बदमाशों ने खेतों में अवैध रूप से घुसकर केले के छोटे लुंगरों (घौदों) को दराती से बेरहमी से काट कर फेंक दिया।

प्रभावित किसानः ग्राम पंचायत अड़गांव के उप सरपंच काशीनाथ निंबाजी चौधरी, किसान संजय बिजलाल चौधरी और विजय प्रकाश चौधरी के खेतों में यह वारदात हुई है। आर्थिक क्षतिः इस पूरी बबार्दी के कारण तीनों किसानों को लगभग डेढ़ लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है।



हैरानी की बात यह है कि इसी गाँव में ठीक तीन दिन पहले भी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया गया था। तब बदमाशों ने किसान छोटू साहेबराव चौधरी के खेत में घुसकर केले के लुंगरों को काट दिया था, जिससे उन्हें करीब 60 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई थी।

लगातार हो रही इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि बदमाश जानबूझकर किसानों को आर्थिक रूप से चोट पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को शाहपुर थाना पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## आंधी-तूफान का कहर, दीवार गिरने से महिला की मौत, बेटी घायल

बुरहानपुर। मोहम्मदपुरा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इलाके में चल रहे एक मकान के निर्माण कार्य के दौरान अचानक तेज हवाओं के कारण एक दीवार पास के टीनशेड पर जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में मलबे के नीचे दबने से 43 वर्षीय महिला अलीशान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 22 वर्षीय बेटी नफीसा तड़वी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आया। बुरहानपुर के एसडीएम अजमेरसिंह गौड़, तहसीलदार प्रवीण ओहरिया और लालबाग थाना टीआई अमित सिंह जादौन तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। अस्पताल में भर्तीः घायल बेटी नफीसा को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ अधिकारियों ने पहुँचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मामले की जांच शुरूः पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों ही मकानों में निर्माण कार्य चल रहा था, तभी आंधी के कारण यह हादसा हुआ।

# इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक तेज रफ्तार आयसर वाहन और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो युवकों की जान चली गई। वहीं, इस हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक दुर्घटना इच्छापुर में स्थित भोटा फाटा पुलिया के पास हुई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर जा रहे थे, तभी भोटा फाटा पुलिया के पास सामने से आ रहे आयसर वाहन और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई।

हादसे का शिकार हुए युवक खंडवा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान नीलेश (उम्र 28 वर्ष) और यशवंत (उम्र 27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो खंडवा के गोडवाड़ी के रहने वाले थे। इस हादसे में रोहित (पिता मांगीलाल) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।


घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों व मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल रोहित का फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में शाहपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

---

ब्रह्मास्त्र FILMY

# एक रील बनाने के 76 लाख लेते हैं ओरी

## बोले- शादी-बर्थडे पार्टी में बुलाने पर 25 लाख रुपए चार्ज करता हूं



सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ओरी, जिनका असली नाम ओरहान अवत्रामानी है, लंबे समय से अपनी कमाई और प्रोफेशन को लेकर चर्चा में रहे हैं। अब उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया है कि वे पैसे कैसे कमाते हैं। एक पॉडकास्ट में ओरी ने बताया कि ब्रांड एंडोर्समेंट और स्पॉन्सर्ड कंटेंट उनकी कमाई का बड़ा जरिया है।

उन्होंने एक रील के लिए 76 लाख रुपए तक लेने की बात स्वीकार की है। इसके अलावा, ओरी प्राइवेट इवेंट्स में शामिल होने के लिए भी मोटी फीस वसूलते हैं। उन्होंने अपने बिजनेस मॉडल और पर्सनल फाइनेंस मैनेजमेंट से जुड़ी कई बातें साझा की हैं। ओरी को पहली बार अंबानी परिवार के कार्यक्रमों शामिल होकर चर्चा में आए थे।

### शादियों में गेस्ट बनकर कमाते हैं लाखों

ओरी ने के के क्रीऐशन के साथ अपने पॉडकास्ट में बताया कि कोई भी व्यक्ति उन्हें निजी कार्यक्रमों के लिए हायर कर सकता है। इसमें शादी, जन्मदिन, लंच या डिनर जैसे इवेंट्स शामिल हैं। ओरी के मुताबिक, इन इवेंट्स में शामिल होने के लिए वे 15 लाख से लेकर 25 लाख रुपए तक की फीस चार्ज करते हैं। उन्होंने इसे 'खरीदे जा सकने वाले अनुभव' के रूप में परिभाषित किया। ओरी ने कहा कि इतने पैसे में वे उस व्यक्ति के साथ घुल-मिलकर रहेंगे, स्पीच देंगे और परिवार के साथ समय भी बिताएंगे।

### शाहरुख खान से की अपनी सिग्नेचर पोज की तुलना

पॉडकास्ट के दौरान ओरी ने अपने सिग्नेचर पोज का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि भारत में शाहरुख खान के अलावा केवल वही एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपने सिग्नेचर पोज के लिए जाने जाते हैं। ओरी अक्सर बॉलीवुड सितारों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं, जिसमें उनका हाथ सामने वाले सेलिब्रिटी की छाती पर होता है। यह पोज सोशल मीडिया पर काफी चर्चित रहता है और उनकी इसी पहचान को वे सेलिब्रिटी स्टारडम की तरह देखते हैं।

### पेरेंट्स संभालते हैं ओरी का पैसा

सफल पर्सनल ब्रांड बनाने के बावजूद ओरी ने बताया कि वे आज भी अपनी कमाई का मैनेजमेंट खुद नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ही उनका पैसा संभालते हैं और उन्हें नहीं लगता कि भविष्य में इसमें कोई बदलाव आएगा। ओरी का मानना है कि वे इस मामले में अपने माता-पिता पर ही निर्भर रहेंगे। उनके इस जवाब ने लोगों को हैरान कर दिया, क्योंकि वे अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए काफी चर्चित रहते हैं।


### कौन हैं ओरहान अवत्रामानी?

ओरी को पहली बार अंबानी परिवार के कार्यक्रमों और बॉलीवुड हस्तियों के साथ वैकेशन्स पर स्पॉट किया गया था। इंस्टाग्राम पर उनके 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वे अक्सर जान्हवी कपूर, खुशी कपूर और इंडस्ट्री के अन्य बड़े सितारों के साथ देखे जाते हैं। ओरी ने अब तक बॉलीवुड के कई हाई-प्रोफाइल इवेंट्स में अपनी मौजूदगी से एक खास जगह बना ली है। वे अक्सर अपने क्रिप्टिक जवाबों के कारण भी चर्चा में रहते हैं।


---

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली (हल)



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 53 | | 2 | | 4 | = | 71 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 66 | | 43 | | 4 | | 5 | = | 22 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 45 | | 1 | | 5 | | 4 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 2 | | 4 | | 20 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | | 20 | | 5 | | 4 | = | 59 / 6 |

**संकेत**

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | डु | मे | रि | ह | आ | ल | म | आ | रा | म |
| ग | खु | क | दू | म | जी | ले | शि | या | इ | द |
| ले | पी | जा | क | दि | ग | वा | द | ह | प | र |
| आ | ग | ए | रा | ल | दे | व | दा | स | लि | ई |
| ज | आ | रा | ल | दे | ब्लै | ला | कि | यो | प | हि |
| म | इ | वा | मो | पु | प | क | शी | ह | जी | या |
| न | अ | ल | रा | के | मा | जो | न | व | प | लि |
| क | रि | ल | र | स | र | प्या | सा | ल | थि | रे |
| र | या | वा | वे | न | न | ज | जी | व | जू | ही |
| र | ग | ल | मो | म | व | शि | का | री | क | ल |
| यां | दो | वी | घा | ज | मी | न | स | यु | रा | ल |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| 2 | **34** | | **30** | 4 | **28** | |
| | 5 | | 3 | | 7 | 1 |
| 3 | **30** | | **32** | 6 | **39** | |
| 1 | | 2 | | 5 | | |
| | **28** | | **33** | 7 | **38** | 3 |
| 4 | | 3 | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 45 | + | 2 | - | 20 | = | 47 |
| + | ■ | + | ■ | x | ■ | + | ■ | + |
| 64 | - | 55 | + | 47 | - | 35 | = | 21 |
| - | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 75 | - | 56 | + | 60 | - | 7 | = | 72 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 50 | + | 2 | + | 2 | - | 20 | = | 7 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 59 | - | 22 | + | 36 | - | 42 | = | 59 / 6 |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | **32** | 7 | **32** | 1 | **30** | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 2 | **22** | 3 | **37** | 7 | **39** | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | **34** | 1 | **34** | 5 | **28** | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म, ट्रम्प चिल्लाकर बोले- डील साइन

# ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान ने डिजिटल दस्तखत किए, पेरिस के वर्साय पैलेस में समझौता





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। ट्रम्प ने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के दौरान पेरिस के वर्साय पैलेस में इस दस्तावेज पर साइन किए।

इसके बाद ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से समझौते पर दस्तखत किए। भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5 बजे दोनों नेताओं के दस्तखत के तुरंत बाद यह समझौता लागू हो गया।

समझौते के तहत ईरान में युद्ध समाप्त होगा और लेबनान में भी संघर्ष खत्म करने की बात कही गई है। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने की बात कही गई है। शांति समझौते पर 19 जून को जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही फ्रांस के ऐतिहासिक वर्साय पैलेस में इस पर दस्तखत कर दिए गए।

ट्रम्प के मुताबिक, युद्ध खत्म करना, होर्मुज को खोलना और ईरान को परमाणु हथियार से रोकना उनका लक्ष्य था, जो पूरा हो गया है।

ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने अमेरिका के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया, तो उस पर फिर से बमबारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि सभी पक्षों को युद्धविराम का सम्मान करना चाहिए। चीन ने ईरान और लेबनान को मानवीय सहायता देने का भी ऐलान किया। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-ईरान समझौते के मसौदे में युद्ध खत्म करने, होर्मुज खोलने, तेल निर्यात, प्रतिबंधों में राहत और जमे हुए फंड जारी करने समेत 14 पॉइंट्स पर सहमति बनी है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा कि 300 अरब डॉलर के पैकेज की खबरें भ्रामक हैं। अगर ईरान शर्तें मानता है तो दूसरे देश निवेश कर सकते हैं, लेकिन अमेरिका पैसा नहीं देगा।

# मेलोनी बोलीं- 1 महीने से सिगरेट नहीं पी:नींद भगाने के लिए कॉफी पीती हूं



फ्रांस में चल रहे जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की अनौपचारिक बातचीत माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो गई। इन नेताओं को सिगरेट, फुटबॉल, तोहफों जैसी बातों पर हल्के-फुल्के मजाक करते हुए सुना गया।

इन सबमें से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सिगरेट छोड़ देने वाली बातचीत की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, बैठक शुरू होने से पहले मेलोनी ने नेताओं से बातचीत में कहा कि आज उन्होंने 3 कप कॉफी पी है। यह सुनकर यूरोपीय यूनियन की चीफ उर्सला वॉन डेर लेयेन ने चौंकते हुए पूछा- क्या आज सुबह, उठने के लिए? इस पर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने मजाक में कहा- और सिगरेट कितनी पी? मेलोनी ने इससे इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने एक महीने से सिगरेट नहीं पी है। यह सुनते ही कनाडा, ब्रिटेन, जापान और यूरोपीय संघ के नेताओं ने उन्हें बधाई दी। मेलोनी ने खुशी में दोनों हाथ उठा दिए।

इसके बाद कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने मजाकिया अंदाज में अपने हाथ की ओर इशारा कर पूछा, क्या आपने निकोटिन पैच लगाया है? इस पर आसपास मौजूद लोग हंस पड़े। निकोटिन पैच शरीर की त्वचा पर लगाया जाता है। यह धीरे-धीरे शरीर में थोड़ी मात्रा में निकोटिन पहुंचाता है, जिससे सिगरेट, बीड़ी या तंबाकू छोड़ने वाले लोगों को उसकी तलब कम लगती है और छोड़ने में आसानी होती है।

### मैक्रों ने फ्रांस फुटबॉल टीम का समर्थन किया

अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में चल रहे फीफा विश्व कप के बीच नेता खेलों पर चर्चा करते नजर आए। मैक्रों ने फ्रांस की टीम का समर्थन करते हुए कहा, अलेज ले ब्लू यानी आगे बढ़ो फ्रांस। एक नेता ने पेरिस सेंट-जर्मेन क्लब की हालिया चैंपियंस लीग जीत की तारीफ की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी केप वर्डे की टीम की सराहना की, जिसने मौजूदा विश्व चैंपियन स्पेन के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला था। स्टार्मर ने कहा, यह वास्तव में हैरान करने वाला प्रदर्शन था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी फुटबॉल से इतर UFC मुकाबले का जिक्र किया। दरअसल, ट्रम्प के जन्मदिन 14 जून पर व्हाइट हाउस में UFC मुकाबला हुआ था। ट्रम्प ने इसके आयोजक डाना व्हाइट की खूब तारीफ की। समिट में एक रहस्यमय बातचीत भी रिकॉर्ड हुई। ट्रम्प यूरोपीय परिषद के चीफ एंटोनियो कोस्टा से बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा, आप जानते होंगे। कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने कोस्टा की तरफ देखते हुए कहा- ग्रीनलैंड। बातचीत का बाकी हिस्सा साफ नहीं सुनाई दिया।

### मैक्रों घड़ी ले जाना भूले तो ट्रम्प ने कहा- ये मुझे दे दो

सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपनी घड़ी कहीं छोड़ गए। जब नेता दोपहर खाने के लिए जा रहे थे, तब कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, मैक्रों अपनी घड़ी यहां छोड़ गए हैं। हमारे पास उनकी घड़ी है। इस पर ट्रम्प ने तुरंत मजाक करते हुए कहा, अगर उन्होंने छोड़ दी है तो मुझे दे दो। उनकी बात सुनकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े।

समिट में तोहफों का आदान-प्रदान भी हुआ। मैक्रों ने सभी ऋ7 नेताओं को व्यक्तिगत साइकिल भेंट की। ट्रम्प को साइकिल मिलने पर कई लोगों ने हैरानी जताई क्योंकि वह गोल्फ को छोड़कर अन्य शारीरिक गतिविधियों और खासकर साइकिल चलाने में रुचि नहीं दिखाते। हालांकि उस समय पास में कोई माइक्रोफोन नहीं था, इसलिए उनकी बातें रिकॉर्ड नहीं हो सकी।

जर्मन चांसलर मर्त्ज भी ट्रम्प के लिए एक खास तोहफा लेकर पहुंचे। उन्होंने ट्रम्प को जर्मनी की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की जर्सी भेंट की, जिस पर ट्रम्प का नाम और 47 नंबर लिखा था। यह उनके अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होने का संकेत था। ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जर्सी को कैमरों के सामने दिखाया और फोटो खिंचवाई। बाद में मर्त्ज ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, आखिरकार हम एक ही टीम में हैं।

# अमेरिका ने सबसे बड़े सैन्य कमांड से 'इंडो' शब्द हटाया

## चीन के खिलाफ भारत को अहमियत देने के लिए ट्रम्प ने ही नाम बदला था



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि वर इंडो-पैसिफिक कमांड का नाम बदलकर फिर से वर पैसिफिक कमांड कर दिया गया है। अब इस कमांड से 'इंडो' शब्द हटा दिया गया है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने 2018 में कमांड के नाम में बदलाव किया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि हिंद महासागर (इंडियन ओशियन) क्षेत्र का रणनीतिक महत्व बढ़ रहा है और यह क्षेत्र प्रशांत महासागर (पैसिफिक ओशियन) की सुरक्षा व्यवस्था से पहले की तुलना में ज्यादा जुड़ गया है। 2018 में अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इस सैन्य कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड कर दिया था। अमेरिका का कहना था कि हिंद महासागर का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागर की सुरक्षा और रणनीति एक-दूसरे से पहले से ज्यादा जुड़ गई हैं। इसलिए कमांड के नाम में इंडो (हिंद महासागर) को भी शामिल किया गया था। अमेरिकी सेना पूरी दुनिया को अलग-अलग क्षेत्रों में बांटकर चलती है। इनके लिए 11 कमांड हैं। इनमें से 6 स्ट्रैटेजिक और 5 फंक्शनल कमांड हैं। यूएस पैसिफिक स्ट्रैटेजिक कमांड का हिस्सा है। यह अमेरिका की सबसे बड़ी और सबसे अहम सैन्य कमांडों में से एक है। यह कमांड एशिया और प्रशांत महासागर इलाके में एक्टिव है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूएस पैसिफिक कमांड नाम बहुत पुराना और ऐतिहासिक है। इसे वापस लाने से सैनिकों को अपनी विरासत पर गर्व महसूस होगा। यह नाम कई बड़े युद्धों और महत्वपूर्ण मिशनों से जुड़ा रहा है, इसलिए इसे फिर से अपनाया गया है। पेंटागन ने यह भी कहा कि कमांड का सिर्फ नाम बदला है, रणनीति और जिम्मेदारियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि इंडो शब्द हटने से यह मैसेज जा सकता है कि अमेरिका हिंद महासागर और भारत को पहले जितना प्रमुख महत्व नहीं दिखाना चाहता। अपने पहले कार्यकाल में ट्रम्प चीन को सबसे बड़ा खतरा मानते थे।




# ब्रिटेन में सबसे पुराने भारतीय-रेस्तरां पर बंद होने का खतरा, वीरास्वामी की 100 साल पुरानी लीज खत्म



**ब्रिटेन में मौजूद सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी पर बंद होने का खतरा बढ़ गया है। जिस इमारत में यह रेस्तरां चलता है, उसका मालिक क्राउन एस्टेट है। क्राउन एस्टेट ब्रिटेन की एक बड़ी सरकारी संपत्ति संस्था है, जो राजा या रानी के नाम पर चलती है।**

अब क्राउन एस्टेट वीरास्वामी की इमारत में कुछ बदलाव और नया निर्माण करना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने रेस्तरां का किराये का समझौता (लीज) आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

वीरास्वामी रेस्तरां की जून 2025 में लीज खत्म हो गई थी। रेस्तरां का कहना है कि अगर लीज नहीं बढ़ाई गई तो उसे 100 साल पुरानी अपनी जगह छोड़नी पड़ेगी। इसलिए रेस्तरां ने इस फैसले को चुनौती देने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

### 100 साल से चल रहा रेस्तरां

वीरास्वामी की शुरूआत अप्रैल 1926 में हुई थी। यह सिर्फ एक रेस्तरां नहीं बल्कि ब्रिटेन में भारतीय खाने के इतिहास का अहम हिस्सा माना जाता है। पिछले एक सदी में यहां कई मशहूर लोग आ चुके हैं। इनमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल, अभिनेत्री विवियन ली, अभिनेता मार्लन ब्रैंडो, लॉरेंस ओलिवियर, चार्ली चैपलिन और यहां तक कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भी शामिल हैं।




### करी के साथ बीयर पीने की परंपरा यहीं से शुरू हुई

वीरास्वामी को 2016 में मिशेलिन स्टार मिला था। यह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित रेस्तरां सम्मानों में से एक है। रेस्तरां से जुड़ा एक दिलचस्प दावा भी किया जाता है। कहा जाता है कि इंग्लैंड में करी के साथ बीयर पीने की आदत सबसे पहले इसी रेस्तरां से शुरू हुई थी। रेस्तरां के मालिकों के मुताबिक, डेनमार्क के राजा जब भी लंदन आते थे, तो वीरास्वामी में खाना खाने जरूर पहुंचते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी पसंदीदा कार्ल्सबर्ग बीयर का एक पूरा पीपा रेस्तरां में रखवा दिया था ताकि जब भी वे करी खाने आएं, वही बीयर उन्हें परोसी जा सके। यह रेस्तरां दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जर्मन बमबारी (ब्लिट्ज) से भी बच गया। उसने रेस्तरां उद्योग के उतार-चढ़ाव भी देखे, लेकिन अब एक साल से चल रही कानूनी लड़ाई के बाद उसके अस्तित्व पर सवाल खड़ा हो गया है।

### 29 जून से 5 दिन चलेगी सुनवाई

वीरास्वामी की मूल कंपनी एमडब्ल्यू ईट 29 जून से शुरू होने वाली पांच दिन की सुनवाई में सेंट्रल लंदन काउंटी कोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। क्राउन एस्टेट का कहना है कि वह विक्ट्री हाउस नाम की इमारत के ऊपरी मंजिलों पर मौजूद दफ्तरों में बदलाव करना चाहता है। ये दफ्तर 2023 में आई बाढ़ के बाद बिजली व्यवस्था प्रभावित होने से खाली पड़े हैं। योजना के तहत रेस्तरां और दफ्तरों की एंट्री पॉइंट के बीच की दीवार हटाकर एक बड़ा रिसेप्शन एरिया बनाया जाएगा। क्राउन एस्टेट का कहना है कि इससे वह ऑफिस का किराया काफी बढ़ा सकेगा। हालांकि, रेस्तरां के मालिक इस तर्क से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि मरम्मत और नवीनीकरण का काम रेस्तरां को हटाए बिना भी किया जा सकता है। क्राउन एस्टेट ने जून 2025 में वीरास्वामी रेस्तरां की सालाना 2.05 लाख पाउंड (करीब 2.6 करोड़ रुपए) की लीज को रेन्यू करने से मना कर दिया था। अगर अदालत में रेस्तरां हार जाता है तो जिस जगह पर वह अभी चल रहा है, उसे दफ्तरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

■ वर्ष-12 अंक-225 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 18 जून, 2026

## सुभाषितानि

कष्टं च खलु मूर्खत्वं कष्टं च खलु यौवनम्।
कष्टात्कष्टतरं चैव परगृहेनिवासनम्॥

**भावार्थ** : मूर्खता कष्ट है, यौवन भी कष्ट है, किन्तु दूसरों के घर में रहना कष्टों का भी कष्ट है।

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि॥

**भावार्थ** : जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है।

## सुरक्षितुं विनिमयरूपेण नगदसुवर्णरूपेण लाभाः प्राप्ताः इति एजेन्सी आरोपयति

ब्रह्मास्त्र ›› शहडोल

ईडी दावान् करोति यत् एतावता अन्वेषणेन मदनमित्रस्य प्रभावक्षेत्रस्य कमरहटीसहितविविधनगरपालिकासु १२५ तः अधिकानां संदिग्धनियुक्तीनां च मध्ये सम्बन्धः सूचितः। एतानि कार्याणि सुरक्षितुं विनिमयरूपेण नगदसुवर्णरूपेण लाभाः प्राप्ताः इति एजेन्सी आरोपयति। परन्तु एते आरोपाः अद्यापि न्यायिकरूपेण न पुष्टाः, अन्वेषणं च प्रचलति। छापेमारीणां वार्ता राज्यराजनीत्यां आरोपानाम्, प्रतिआरोपाणां च चक्रं प्रवृत्तम्। विपक्षदलैः निष्पक्षजाँचस्य आग्रहः कृतः, तेषां छापां भर्तीघोटाले अन्वेषणस्य महत्त्वपूर्णं सोपानम् इति वर्णितम्।

## सम्पादकीयम्

### अस्मिन् कार्ये न केवलं वर्तमानस्थितेः

त्वरितरूपेण मसौदां कर्तुं न शक्यन्ते-न च कर्तव्याः। अस्मिन् कार्ये न केवलं वर्तमानस्थितेः तस्य विविधपक्षस्य च विचारः आवश्यकः अपितु अग्रे ये आव्हानाः सन्ति तेषां विषये अपि विचारः करणीयः। व्यावसायिकव्यञ्जनाः सर्वोच्चन्यायालयस्य अवलोकनेन एषः प्रश्नः अपि उत्पद्यते यत् अभिव्यक्तिस्वतन्त्रतायाः वर्गीकरणं 'व्यावसायिक' तथा 'अव्यावसायिक' क्षेत्रेषु कर्तुं शक्यते वा इति। अवश्यं ज्ञातव्यं यत् संविधानेन सर्वेभ्यः नागरिकेभ्यः समानरूपेण अभिव्यक्तिअधिकारः प्रदत्तः, तत्सम्बद्धाः प्रतिबन्धाः च सर्वेषां कृते समानरूपेण प्रवर्तन्ते। मीडिया-माध्यम-कर्मचारिभ्यः अपि अस्मिन् विषये विशेषाधिकारः न प्रदत्तः। अतः व्यावसायिकसामग्रीवर्गे पतति वा न वा इति आधारेण व्यक्तिस्य अभिव्यक्तिः भिन्नरूपेण द्रष्टव्या वा इति विचारणीयं अधिकारविग्रहः - पूर्वसुनवायीयाः आलोके स्पष्टं भवति यत् अस्मिन् विषये अनुच्छेद १९ इत्यस्य अन्तर्गतं अभिव्यक्तिस्वातन्त्र्यस्य अधिकारस्य अनुच्छेदस्य २१ अन्तर्गतं गरिमापूर्णजीवनस्य अधिकारस्य च विचारः आवश्यकः अस्ति स्वाभाविकतया द्वयोः मध्ये सन्तुलनं कृत्वा सर्वोच्चन्यायालयः कथं प्रवर्तते इति अवलोकनं महत्त्वपूर्णं भविष्यति।

'फिटमेण्ट् कारक' इति विषये कर्मचारीसङ्घस्य

# कर्मचारीसङ्घटनानि ३ तः ५ पर्यन्तं फिटमेण्ट् कारकस्य आग्रहं कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली




केन्द्रसर्वकारस्य लक्षशः कर्मचारीः पेन्शनभोक्तृणां च दृष्टिः सम्प्रति अष्टमस्य केन्द्रीयवेतनआयोगस्य अनुशंसानाम् उपरि निहिताः सन्ति। देशे सर्वत्र वेतनभत्ता, पेन्शनसंरचनानां सम्भाव्यपरिवर्तनानां विषये चर्चाः तीव्रताम् अवाप्तवन्तः। विशेषतः 'फिटमेण्ट् कारक' इति विषये कर्मचारीसङ्घस्य विभिन्नानां च हितधारकाणां मध्ये बहसः प्रचलति। यद्यपि बहवः कर्मचारीसङ्घठनानि ३ तः ५ पर्यन्तं फिटमेण्ट् कारकस्य आग्रहं कुर्वन्ति तथापि विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतादृशस्य महत्त्वपूर्णस्य वृद्धेः सम्भावना अतीव न्यूना अस्ति तेषां मतं यत्, एतेन सर्वकारे यत् अपारं आर्थिकभारं भवति, तत दृष्ट्वा फिटमेण्ट्-कारकं तुल्यकालिकं सीमितपरिधिमध्ये एव स्थापयितुं शक्यते

अष्टमः केन्द्रीयवेतनआयोगः सम्प्रति विभिन्नराज्यानां क्षेत्राणां च भ्रमणं कृत्वा कर्मचारिणां, संस्थानां, अन्येषां च हितधारकाणां सुझावं संग्रहयति। आयोगेन केन्द्रसर्वकारस्य कर्मचारिभ्यः अपि आग्रहः कृतः यत् ते स्वजालस्थलेन ज्ञापनपत्राणि सुझावानि च प्रस्तूयताम्। तस्य प्रतिवेदनं दातुं १८ मासानां समयः प्रदत्तः अस्ति। इदानीं अधिकतमं कर्मचारिणः आयोगाय स्वविचारं प्रदातुं शक्नुवन्ति इति सुझावस्य ज्ञापनपत्रस्य च समयसीमा २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासस्य १५ दिनाङ्कपर्यन्तं विस्तारिता अस्ति।

वेतनआयोगस्य चचार्सु फिटमेण्ट् कारकः एकः महत्त्वपूर्णः विषयः इति रूपेण उद्धृतः अस्ति। कर्मचारिणां मूलभूतवेतनस्य, पेन्शनस्य च संशोधनस्य आधाररूपेण कार्यं करोति। सरलतया वक्तुं शक्यते यत् फिटमेण्ट् कारकः वर्तमानमूलवेतनं गुणयित्वा नूतनवेतननिर्धारणाय प्रयुक्तः गुणकः अस्ति। प्रत्येकं नूतनवेतनआयोगेन सह व्यक्तिगतपदानां पृथक वेतनं निर्धारयितुं स्थाने वेतनरूपरेखायाः पुनर्गठनार्थं सर्वकारः एकरूपं फिटमेण्ट् कारकं प्रयोजयति। पूर्वस्य–अर्थात् ७ तमे–वेतनआयोगस्य अन्तर्गतं सर्वकारेण २.५७ इत्यस्य फिटमेण्ट् कारकं कार्यान्वितम्। एतेन निर्णयेन कर्मचारिणां मूलभूतवेतनस्य महती वृद्धिः अभवत्। यथा, यदि कस्यचित् कर्मचारीनः मूलभूतवेतनं १०,००० आसीत् तर्हि २.५७ फिटमेण्ट् कारकस्य प्रयोगेन तेषां संशोधितं मूलभूतवेतनं २५,७०० यावत् वर्धितम्। फलतः प्रत्येकस्य नूतनस्य वेतनआयोगस्य आगमनेन सह फिटमेण्ट् कारकः कर्मचारिणां कृते अपाररुचिः महत्त्वं च विषयः भवति।

अस्मिन् समये विभिन्नाः कर्मचारीसंस्थाः ३ तः ५ पर्यन्तं फिटमेण्ट् कारकस्य कार्यान्वयनस्य आग्रहं कृतवन्तः तेषां तर्कः अस्ति यत् विगतकेषु वर्षेषु महङ्गानि, जीवनव्ययः, अन्ये च आर्थिकचुनौत्यं निरन्तरं वर्धिताः सन्ति अतः कर्मचारिणां वास्तविकं आयं निर्वाहयितुम्, तेषां क्रयशक्तिं सुदृढां कर्तुं च उच्चतरं फिटमेण्ट् कारकम् आवश्यकम् अस्ति। केचन संस्थाः दावान् कुर्वन्ति यत् 5 इत्यस्य फिटमेण्ट् कारकस्य कार्यान्वयनेन वेतनस्य पर्याप्तवृद्धिः भविष्यति, येन कर्मचारिणः वर्धमानानाम् आर्थिकचुनौत्यस्य उत्तमतया सामना कर्तुं शक्नुवन्ति। परन्तु वित्तीयविशेषज्ञाः आर्थिकविश्लेषकाः च एतां माङ्गं व्यावहारिकं न मन्यन्ते । ते दर्शयन्ति यत् फिटमेण्ट् कारकस्य सीमान्तवृद्ध्या अपि केन्द्रसर्वकारस्य कोषे सहस्रकोटिरूप्यकाणां अतिरिक्तभारः भवति।

उपजिलाधिकारी महौर गिरफ्तार

## विवाहस्य बहाने बलात्कारस्य च आरोपः प्रशासन द्वारा निलम्बित

ब्रह्मास्त्र ›› ग्यालियर

मध्यप्रदेशस्य मोरेनामण्डले नियुक्तः उपजिलाधिकारी अरविन्दमहौरः एकया युवतीयाः बलात्कारस्य यौनशोषणस्य च आरोपानाम् अनन्तरं पुलिसैः गृहीतः, यया दावान् करोति यत् सः विवाहस्य प्रतिज्ञां कृत्वा तां वञ्चितवान्। सिविल लाइन्स् पुलिस प्राथमिकी रजिस्ट्रेशनं कृत्वा विषये कार्यवाही कृतवती। तस्य गृहीतस्य अनन्तरं अभियुक्तस्य अधिकारीणः चिकित्सापरीक्षायै जिलाचिकित्सालये नीतः। इदानीं गम्भीरारोपान् दृष्ट्वा प्रशासनेन तत्क्षणप्रभावेण तस्य निलम्बनं कृतम् अस्ति।

पुलिस-अनुसारं एकया युवतीयाः शिकायतया आधारेण एतत् प्रकरणं पञ्जीकृतम्, यया आरोपः कृतः यत् सा प्रथमवारं २०२५ तमस्य वर्षस्य आरम्भे फेसबुक-माध्यमेन अरविन्द-महौर-महोदयेन सह मिलितवती। तस्मिन् समये महौरः सबलगढ-नगरे उपविभागीयदण्डाधिकारीरूपेण (एसडीएम) पदस्थापितः आसीत् सामाजिकमाध्यमेषु आरब्धाः वातालापाः क्रमेण मोबाईलफोनसम्पर्कं, व्यक्तिगतसमागमं च कृतवन्तः। शिकायतया उक्तं यत् अस्मिन् काले द्वयोः समीपं जातम्, अभियुक्तः अधिकारी तस्याः विवाहस्य प्रस्तावम् अयच्छत्।

अभियुक्तः विवाहस्य प्रतिज्ञां कृत्वा स्वस्य विश्वासं प्राप्तवान् तदनन्तरं तया सह यौनसम्बन्धं कृतवान् इति महिला आरोपयति। शिकायतया उक्तं यत् २०२५ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य ३० दिनाङ्के अभियुक्तः तां भ्रमणस्य बहानेन मोरेनानगरस्य विश्रामगृहस्य पृष्ठतः नीतवान्, यत्र प्रथमवारं बलात्कारं कृतवान् तदनन्तरं सबलगढनगरे तस्य सर्वकारीयनिवासस्थाने ग्वालियरनगरस्य एकस्मिन् फ्लैट् इत्यत्र च बहुवारं यौनसम्बन्धः अभवत्।

## राशिफल

**मेष** : 18 जून के दिन भावनाओं और एनर्जी के साथ तालमेल बिठाने का समय है। बातचीत के माध्यम से प्यार गहरा होता है।

**वृषभ** : जिज्ञासा और खुले विचारों वाले दृष्टिकोण का मिश्रण जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रगति को मोटिवेट करता है।

**मिथुन** : 18 जून के दिन सही दृष्टिकोण और मानसिकता बाधाओं पर काबू पाने में मदद करती है।

**कर्क** : ध्यान रखें कि प्रगति जरूरी है और अच्छी तरह से लक्ष्यों के साथ संरेखित है। सफलता और विकास पर फोकस करें।

**सिंह** : 18 जून के दिन रोमांच की इच्छा क्रिएटिव सॉल्यूशन और खुले दिमाग वाली बातचीत को बढ़ावा देती है।

**कन्या** : 18 जून के दिन स्वास्थ्य और धन से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं भी आ सकती हैं।

**तुला** : आप दूसरों की भावनाओं के प्रति अधिक सेंसीटिव रहेंगे। पर्सनल व प्रोफेशनल दोनों तरह की बातचीत में इसका उपयोग करें।

**वृश्चिक** : बिजी रहने वाला है। इससे पहले कि चीजें कंट्रोल से बाहर हो जाएं, रिश्ते में मुद्दों को सुलझाने पर विचार करें।

**धनु** : 18 जून के दिन आज आपकी एनर्जी हाई रहेगी। आप फालतू बातचीत में रुचि नहीं रखते हैं।

**मकर** : 18 जून के दिन बातचीत में उम्मीद से ज्यादा कुछ पता चल सकता है, इसलिए ध्यान से सुनें।

**कुंभ** : रिश्तों और करियर परियोजनाओं के बीच निष्पक्ष फैसले और क्रिएटिव प्रॉब्लम सॉल्विंग के माध्यम से प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

**मीन** : कॉन्फिडेंस को मोटिवेट करती है। उत्साह और सही समय पर की गई पहल चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में सफलता दिला सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 21 जून को होगा मंगल का राशि परिवर्तन, इन राशियों के बनेंगे बिगड़े काम

21 जून को मंगल मेष राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए वृषभ राशि में गोचर करेंगे।

ज्योतिष शास्त्र में मंगल ग्रह को ऊर्जा, साहस और पराक्रम का कारक ग्रह माना जाता है। मंगल का राशि परिवर्तन जब होता है तो इसका विशेष प्रभाव सभी राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलता है। 21 जून को मंगल का गोचर शुक्र के स्वामित्व वाली राशि वृषभ में होने वाला है। मंगल के वृषभ राशि में गोचर करने से कई राशियों के जीवन में बड़ा और शुभ परिवर्तन देखने को मिलेगा। मंगल



के गोचर करने से आय में वृद्धि, करियर में तरक्की और किस्मत में बड़ा बदलाव आ सकता है। आइए जानते हैं मंगल का गोचर किन राशियों के लिए अच्छा साबित हो सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए मंगल का गोचर वृषभ राशि के लिए बहुत ही अच्छा और शुभ साबित रहेगा। मंगल का राशि परिवर्तन आपकी राशि से दूसरे भाव में होगा जिससे आपको धन का लाभ हो सकता है। आय के नए-नए स्त्रोत देखने को मिलेंगे। शुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि के होगी। व्यापार में अच्छा खासा मुनाफा भी अर्जित करने में कामयाबी मिलेंगी।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए मंगल का गोचर आपकी राशि से दशम भाव में होगा जिससे आपके करियर-कारोबार में वृद्धि के अवसर मिल सकते हैं। आपको करियर में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर मिलेंगे। इस दौरान नौकरी में नई तरह की जिम्मेदारियां भी मिल सकती है। रुके हुए काम जल्द पूरे होंगे। आर्थिक लाभ के अच्छे मौके हाथ लगेंगे।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए मंगल का गोचर बहुत ही शुभ और अच्छा रहेगा। मंगल का गोचर आपकी राशि से तीसरे भाव में गोचर करेगा जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अटके हुए काम पूरे होंगे। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर आपको प्राप्त होंगे। इस दौरान आपको नए-नए और अच्छे लोगों से संपर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

श्रेयस ने कोहली को पीछे छोड़ा, ईशान-गिल ने एक ही ओवर में शतक लगाए

# पहली बार कोई टीम 400 रन बनाकर ऑलआउट

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

भारत ने दूसरे वनडे में अफगानिस्तान को 170 रन से हरा दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भारतीय टीम 402 रन पर ऑलआउट हो गई। वनडे क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी टीम ने 400 से ज्यादा रन बनाने के बाद अपने सभी विकेट गंवाए।

बुधवार को शुभमन गिल (154 रन) और ईशान किशन (125 रन) ने एक ही ओवर अपने-अपने शतक पूरे किए। श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। वे सबसे तेज 3000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने। मैच के दौरान दरविश रसूली को चोटिल होने पर स्ट्रेचर से मैदान से बाहर ले जाया गया।

**पहली बार 2 भारतीयों ने 80 से कम गेंद में शतक लगाया-** गिल ने 77 और किशन ने 71 गेंद में शतक पूरा किया। इसके साथ ही दोनों ने भारतीय क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड बनाया। वनडे क्रिकेट में पहली बार दो भारतीय बल्लेबाजों ने एक ही पारी में 80 या उससे कम गेंद में शतक लगाया।





### गिल का तीसरा फास्टेस्ट 150 रन

गिल ने 108 गेंद में 150 रन पूरे किए। यह वनडे में किसी भारतीय का तीसरा सबसे तेज 150+ का स्कोर है। पहले स्थान पर ईशान किशन हैं। उन्होंने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 103 गेंद पर 150 रन बनाए थे।

### अफगानिस्तान के खिलाफ फास्टेस्ट सेंचुरी में ईशान और गिल शामिल

ईशान और गिल अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। इस लिस्ट में ईशान (71 गेंद) तीसरे और गिल (77 गेंद) 5वें नंबर पर आ गए हैं। पहले स्थान पर इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी इयोन मॉर्गन हैं। उन्होंने 2019 में मैनचेस्टर के मैदान पर अफगान टीम के खिलाफ 57 गेंद पर शतक लगाया था। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी 63 गेंद पर शतक लगा चुके हैं।

### ईशान-गिल ने दूसरी सबसे तेज 200+ की साझेदारी की

ईशान-गिल ने 9.60 के रनरेट से 224 रन जोड़े। यह भारत के लिए वनडे में दूसरी सबसे तेज 200+ रन की साझेदारी की है। इस मामले में केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की जोड़ी पहले स्थान पर हैं। दोनों ने 2023 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ 9.82 के रनरेट से 208 रन की साझेदारी की थी।

**भारत ने साउथ अफ्रीका की बराबरी की-** भारत ने 8वीं बार वनडे में 400 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया। टीम ने इस मामले में साउथ अफ्रीका की बराबरी कर ली। साउथ अफ्रीका भी वनडे में 8 बार यह कारनामा कर चुका है।

**श्रेयस अय्यर के 3 हजार वनडे रन-** श्रेयस अय्यर ने 11वां रन बनाते ही वनडे में 3 हजार रन पूरे किए। उन्होंने 72 पारी और 3049 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने सबस कम पारी में 3 हजार रन बनाने वाले विराट कोहली (75 पारी) को पीछे छोड़ दिया है। अब वे शिखर धवन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में शुभमन गिल 62 पारी के साथ पहले स्थान पर हैं।

अय्यर सबसे कम गेंद में यह आंकड़ा छूने वाले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए। पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव 2995 गेंद के साथ पहले नंबर पर हैं।

**वनडे में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी-** गिल-ईशान ने तीसरे विकेट के लिए 224 रन की साझेदारी की। यह वनडे में अफगानिस्तान के खिलाफ संयुक्त रुप से दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस लिस्ट में डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की जोड़ी पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 2015 में अफगान टीम के खिलाफ 260 रन की साझेदारी की थी।

**अफगानिस्तान की वनडे में दूसरी सबसे बड़ी हार-** अफगानिस्तान को 170 रन की हार का सामना करना पड़ा। यह अफगानिस्तान की वनडे में दूसरी सबसे बड़ी हार है। टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2015 में सबसे बड़ी हार मिली थी।

## मंधाना टी-20 में 600 चौके लगाने वाली पहली बैटर बनीं




ब्रह्मास्त्र ›› लीड्स

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड को 95 रन से हरा दिया। लीड्स में स्मृति मंधाना ने 74 रन की पारी में कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। वे मेंस और विमेंस टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 चौके पूरे करने वाली पहली बल्लेबाज बनीं।

मंधाना ने मिताली राज और हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर दीप्ति शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में झूलन गोस्वामी के सबसे ज्यादा विकेट के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मंधाना ने नीदरलैंड के खिलाफ 11 चौके लगाए। उनके नाम टी-20 इंटरनेशनल में 603 चौके हो गए हैं। वे पुरुष या महिला टी-20 इंटरनेशनल में 600 चौके पूरे करने वाली दुनिया की पहली प्लेयर बन गई हैं।

43वीं रैंक के कांगो ने पुर्तगाल को ड्रॉ पर रोका

## वर्ल्डकप में पहला गोल भी दागा




ब्रह्मास्त्र ›› ह्यूस्टन

फुटबॉल वर्ल्ड कप में छोटी टीमों का कमाल जारी है। बुधवार को 43वीं रैंकिंग वाली कांगो ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। 52 साल बाद वर्ल्ड कप में वापसी कर रही कांगो गणराज्य ने टूर्नामेंट में अपना पहला गोल भी दागा। हालांकि, रोनाल्डो एक भी गोल नहीं कर सके।

ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में ग्रुप-के के मैच में पुर्तगाल ने छठे मिनट में जोआओ नेवेस के गोल से शानदार शुरूआत की। लेकिन यही उसका आखिरी गोल रहा। हाफ टाइम से ठीक पहले 45+5वें मिनट में योआन वीसा ने कांगो को बराबरी दिलाई। इस ड्रॉ के बाद पुर्तगाल को ग्रुप स्टेज से अगले मैच जीतने होंगे। उसे 23 जून को उज्बेकिस्तान और 28 जून को कोलंबिया से मैच खेलने हैं।

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाली की 18 साल की युवती की मौत

**उज्जैन।** चिंतामन गणेश थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की वंशिका पिता कमल चौहान ने मंगलवार-बुधवार रात 12:30 जहरीला पदार्थ खा लिया था। कुछ देर बाद परिजनों ने हालत बिगड़ी देखी तो 1:30 बजे रात को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरी परीक्षण में जहरीला पदार्थ खाना सामने आया और उपचार के लिए भर्ती किया गया। करीब 5 घंटे चलो उपचार के बाद तड़के वंशिका की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

### चाकूबाजी में घायल की मौत, हत्या में बदला मामला

**उज्जैन।** 14 जून की रात रेलवे स्टेशन पर हुई चाकूबाजी में मूल रूप से शाजापुर का रहने वाला दीपक पिता इंदरसिंह हाल मुकाम मंछामन कॉलोनी गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरपीएफ ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था। मामले की जांच जीआरपी को सौंप गई थी। हालत गंभीर होने पर दीपक को इंदौर रेफर किया गया था। मंगलवार-बुधवार रात दीपक की मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि घटनाक्रम के बाद एक आरोपी कबीर उर्फ दीपक को दूसरे दिन ही हिरासत में ले लिया गया था। दूसरा आरोपी राजेश फरार था। घायल की मौत होने पर मामले में हत्या की धारा का इजाफा किया गया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। चाकूबाजी के बाद घायल ने बताया था कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे पर हमला किया गया था। मृतक दीपक पिछले 5 सालों से उज्जैन में रहकर मजदूरी का काम करता था। इंदौर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### इलाज के पैसे मांगे तो पुत्र ने पिता से की मारपीट

**उज्जैन।** पत्नी की तबीयत खराब होने पर पति ने पुत्र से इलाज के लिए रुपए मांगे तो पुत्र ने विवाद करते हुए पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं ईट से वार कर सिर फोड़ दिया। मामला ग्राम बिछड़ोद का होना सामने आया है। घायल दिनेश पिता चंद्र लाल माली को उपचार के लिए परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल दिनेश ने बताया कि उसके साथ मारपीट छोटे पुत्र लखन ने की है। पत्नी रंभा वृद्धावस्था की बीमारियों से परेशान है जिसका उपचार चल रहा है। बड़ा पुत्र के लिए रुपए दे रहा है लेकिन छोटा पुत्र मदद नहीं कर रहा था उसे मां के इलाज के लिए रुपए देने के लिए कहा गया था। फिलहाल पुलिस में घायल के बयान दर्ज किए हैं पुत्र के खिलाफ पिता से मारपीट का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### रिपोर्ट दर्ज कराकर लौट रही महिला पर किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम खाकरा खेड़ा में रहने वाली कालीबाई पति हजारीलाल बंजारा 50 साल रिपोर्ट दर्ज करने के लिए घटिया थाने गई थी जहां से वापस लौट रही थी इस दौरान रास्ते में पड़ोसी प्रकाश भगवान चंदाबाई ने हमला कर दिया। घायल कालीबाई को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया जहां सामने आया कि बच्चों को लेकर विवाद हुआ था। कालीबाई और चंदाबाई दोनों रिपोर्ट दर्ज करने पहुंची थी। पुलिस में क्रॉस प्रकरण दर्ज किया था। उसे दौरान कालीबाई ने पुलिस के सामने ही आशंका जताई थी कि आरोपी पक्ष फिर से मारपीट कर सकता है लेकिन पुलिस ने समझा इसके बाद उन्हें रवाना कर दिया था कालीबाई की आशंका रास्ते में सही साबित हो गई। पुलिस ने मामला फिर से जांच में लिया है।

### जमीन को लेकर बंजारा परिवार में हुआ विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम रामाबालोदा में बंजारा परिवार के दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हो गया। दोनों ओर से हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि महेंद्र पिता भग्गा मोडावत और अवतार पिता भुवान बंजारा के बीच जमीन को लेकर कई समय से विवाद चल रहा है। दोनों की जमीन पास-पास है। उसके कुछ हिस्से को दोनों अपना होना बता रहे हैं। किसी बात को लेकर बीती शाम उनके बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बाइक सवार मजदूर को लोडिंग वाहन ने कुचला

**उज्जैन।** बाइक पर सवार मजदूर को बुधवार दोपहर लोडिंग वाहन ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल लाया जाता उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ट्रेनिंग के सामने बाइक सवार युवक को अज्ञात लोडिंग वाहन में टक्कर मार दी थी गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले मौत हो गई। उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान इकबाल पिता जलील खान 35 वर्ष निवासी पिंगलेश्वर के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई जो अस्पताल पहुंच गए थे। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया इस दौरान परिजनों ने बताया कि मजदूरी करता था और दोपहर का भोजन लेकर साइट पर जा रहा था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला है। जिसका पता लगाने के लिए आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 127-0 | 778-2 |
| मेन बाजार | 467-7 | 160-7 |
| मिलन डे | 566-7 | 688-2 |
| मिलन नाइट | 350-8 | 234-9 |

3 9 0

---

### सिंहस्थ निर्माणों में पूर्व में हो चुके हैं हादसे, 5 से अधिक मामलों में ठेका कंपनियों पर लापरवाही के प्रकरण दर्ज

# निर्माण कार्यों में सुरक्षा के लिए मेला अधिकारी ने फिर चेताया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ निर्माण कार्यों में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त ने निर्माण एजेंसियों को चेताया है। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की हिदायत दी है। सिंहस्थ 2028 के लिए निर्माण कार्यों के तहत ठेका एजेंसियों की लापरवाही के कारण अब तक करीब 5 मामलों में मजदुर काल कवलित हुए हैं।

सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने के लिए सभी एजेंसियां लगी हुई है। निर्माण की ठेका एजेंसियों से इसके तहत गति से कार्य लिया जा रहा है। कुछ निर्माण कार्यों में तो रात्रिकालीन कार्य भी लिया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ ठेका एजेंसियां धीमी गति से कार्य कर रही है। कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

**सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए-** संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह मेला कार्यालय में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निमार्णाधीन एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। वर्तमान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही निर्माण स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं तथा श्रमिकों एवं आमजन की सुरक्षा के लिए सभी निर्माण सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।



#### लापरवाही पर चलेगा प्रशासनिक डंडा-

बार-बार हो रहे हादसों को रोकने के लिए उज्जैन कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त ने पुलिस विभाग के साथ मिलकर निर्माण कार्यों के लिए नए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं:

**संज्ञेय अपराध की श्रेणी-** यदि किसी भी सिंहस्थ निर्माण स्थल पर उचित बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर लाइट, या सुरक्षा घेरा नहीं पाया जाता है, तो उसे आम जनता की जान जोखिम में डालने का संज्ञेय अपराध माना जाएगा। दुर्घटना न होने पर भी ठेकेदार पर केस दर्ज हो सकता है।

**निगम की शिकायत पर तुरंत एफआईटार:** नगर निगम के जोनल अधिकारी प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। यदि कोई ठेकेदार तय समय में सड़क से मलबा नहीं हटाता या खोदे गए गड्ढे को खुला छोड़ता है, तो निगम सीधे थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराएगा।

**ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया:** जिन ठेकेदारों या कंपनियों के खिलाफ कार्यस्थल पर लापरवाही के कारण एक भी एफआईआर दर्ज होगी, उन्हें सिंहस्थ 2028 की सभी आगामी निविदाओं से तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट (प्रतिबंधित) कर दिया जाएगा।

#### ये हादसे हो चुके हैं

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण कई गंभीर हादसे हुए हैं। इन घटनाओं में मजदूरों की मौत से लेकर आम नागरिकों के घायल होने के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही, लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू की है। शांति पैलेस चौराहे पर ब्रिज निर्माण के दौरान जनवरी 2026 में शांति पैलेस चौराहे के पास बन रहे ओवरब्रिज (पुल) पर काम करते समय सुरक्षा उपकरणों की कमी के कारण एक मजदूर भारी सरियों के नीचे दब गया। लगभग 50 फीट ऊपर सरियों के बीच फंसे इस मजदूर की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण मौत हो गई। मार्च 2026 में सिंहस्थ से जुड़े आगर रोड चौड़ीकरण के दौरान लापरवाही के चलते एक श्रमिक (मजदूर) को गंभीर करंट लग गया, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों और विभिन्न संगठनों ने लापरवाही के खिलाफ आगर रोड पर चक्काजाम कर ठेकेदार पर एफआईआर की मांग की थी।शांति पैलेस के पीछे घाट निर्माण के दौरान एक श्रमिक की मट्टी के अंदर दब कर मौत हो चुकी है। इसी प्रकार बडनगर रोड पर ब्रिज के काम में लगे श्रमिक को कटर मशीन से करंट लगने पर मौत का मामला हो चुका है। इन मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच करते हुए ठेका एजेंसियों पर लापरवाही के तहत मजदूरों की मौत के मामले दर्ज किए हैं।

#### कड़े निर्देश पालन कमजोर

प्रशासन ने सभी ठेकेदारों और निर्माण कंपनियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर, और मलबे की समय पर सफाई सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके टेंडर निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी देखने में आ रहा है कि ठेकेदार बराबर लापरवाही बरत रहे हैं।

---

# पीटीएस से चार बदमाशों ने चुराई थी मोटर, 2 हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पीटीएस मक्सी रोड सूखे तालाब में लगी सबमर्सिबल मोटर और 300 फिट केबल 15 मई को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ली गई थी। पंवासा थाना पुलिस को प्रमोद पिता परसराम रजक निवासी एच-2 पीटीएस ने शिकायत दर्ज कराई थी। एक माह बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में शामिल दो बदमाश श्री सिंथेटिक फैक्ट्री के आसपास घूम रहे है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने एएसआई संतोष राव, प्रधान आरक्षक अब्दुल रहीम, आरक्षक बृजेंद्र भारती, अमरनाथ, पंकज पाटीदार को धरपकड़ के लिए रवाना किया। दो लोगों ने पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास किया, जिन पर संदेह होते ही पुलिस ने उन्हें पकड़ा और पूछताछ की तो उनके नाम दीपक पिता रामपाल 28 वर्ष, निवासी पंचकुआ मक्सी रोड और जब्बार पिता अल्ताफ 56 वर्ष, निवासी शंकरपुर होना सामने आये। थाने लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने पीटीएस तालाब से मोटर और केबल चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों ने बताया कि वारदात में उनके साथ दो साथी जावेद एवं गुलफाम भी शामिल थे।



पुलिस ने दोनों साथियों की तलाश की लेकिन फरार होना सामने आए। हिरासत में आए दोनों आरोपियों की निशानदेही पुलिस में चोरी की मोटर और केबल बरामद कर ली। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। फरार दोनों साथियों की तलाश जारी है जिनके गिरफ्त में आने पर चोरी की अन्य वारदातों का भी सुराग मिल सकता है।

---

### मिनाक्षी नटराजन मामले में आंदोलन नहीं किया तो उज्जैन सहित

# भाराछासं के 22 जिला अध्यक्षों को नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कांग्रेस के विद्यार्थी संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के उज्जैन सहित 22 जिला अध्यक्षों को मिनाक्षी नटराजन नामांकन निरस्त के मामले में पूतला दहन नहीं करने पर संगठन ने नोटिस थमाएं हैं। नोटिस देकर जिला अध्यक्षों से जवाब मांगे गए हैं। इस पूर मसले से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को भी अवगत करवाया गया है।

**16 जून को पूतला जलाने के दिए गए थे निर्देश**

बुधवार को प्रदेश भाराछासं अध्यक्ष के आदेश पर कार्यालय सचिव घनश्याम हारोड ने ये सूचना पत्र जारी करते हुए संबंधित 22 जिला अध्यक्षों की सूची उसके साथ संलग्न की है।



#### ये कहा जारी नोटिस में

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एनएसयूआई को 16, जून 2026 को राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने को लेकर जिला स्तर पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित करना था। जिसकी सूचना आपको प्रदेश कार्यालय से एवं ग्रुप मेसेंज, सोशल मीडिया के माध्यम से भी उक्त कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी होने के बावजूद आपके द्वारा उक्त कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया, जिससे आपकी संगठन के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता प्रतीत होती है। इस पर प्रदेशाध्यक्ष जी ने घोर आपत्ति दर्ज की है। अतएवं आप इस संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर प्रदेश कार्यालय को अनिवार्य रूप प्रेषित करे।

#### इन जिला अध्यक्षों को नोटिस

मुरैना, दतिया, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सीधी, कटनी, नरसिंहपुर, डिण्डौरी, मण्डला, सिवनी, बैतूल, देवास, उज्जैन, शाजापुर, इंदौर, नीमच, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर।

---

# आत्महत्या: कुछ घंटे में 3 युवकों ने लगाई फांसी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आर्थिक परेशानी, तनाव भरी जिंदगी और पारिवारिक विवाद में युवाओं द्वारा असमय मौत को गले लगाया जा रहा। मंगलवार रात से बुधवार दोपहर तक कुछ घंटे में तीन युवकों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस द्वारा मामले जांच में दिए गए हैं।

**पहली घटना एलाउंस सिटी में** मंदसौर का रहने वाला पाटीदार परिवार काफी समय से एलाउंस सिटी में निवास कर रहा है। परिवार का बड़ा पुत्र सत्यनारायण पिता मुकेश पाटीदार 27 वर्ष महिंद्रा शोरूम पर मैकेनिक था। मंगलवार रात 10 बजे तक घर नहीं लौटा तो पिता और भाई उसकी तलाश में निकले। सत्यनारायण अक्सर अपने दोस्त के घर रुक जाता था। भाई प्रदीप सबसे पहले दोस्त के घर पहुंचा जहां दरवाजा अटका हुआ था। उसने जैसे ही दरवाजे को धक्का दिया कमरे में सत्यनारायण रस्सी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। खबर मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सत्यनारायण का दोस्त घर पर नहीं था। उस मोबाइल पर संपर्क किया गया इस दौरान सामने आया कि वह अपने घर की चाबी सत्यनारायण को देखकर गया था। घटना को लेकर परिवार ने कुछ भी स्पष्ट नहीं कर पाया।

#### दूसरा मामला अंबर कॉलोनी में

बुधवार सुबह अंबर कॉलोनी में रहने वाला आकाश पिता मांगीलाल कटारिया 35 वर्ष घर में साड़ी के फंदे पर लटका मिला। पुत्र पिता के देर तक नहीं जैन पर उठाने के लिए कमरे में पहुंचा था। घटना को लेकर मृतक आकाश के भाई लोकेश ने बताया कि आकाश की पत्नी 2 साल से इंदौर में रह रही है। आकाश की बुधवार को ही कोर्ट पेशी दी थी। उसे पर काफी कर्ज हो चुका था। वह काफी तनाव में रहता था संभवत किसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। नील गंगा थाना पुलिस में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

#### तीसरी घटना तिरुपतिधाम की

चिमनगंज थाना क्षेत्र की तिरुपति धाम कॉलोनी में रहने वाले 17 वर्षीय जय पिता लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी ने बुधवार दोपहर घर की ऊपरी मंजिल पर फांसी लगाई। बड़ा भाई कमरे में पहुंचा तो उसमें जय को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस मौके पर पहुंची और जय का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। एसआई लक्ष्मण उइके ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जय पेट दर्द की बीमारी के चलते डिप्रेशन में था। लेकिन पिता अपने पुत्र के फांसी लगाने की घटना से काफी आहत थे।

---

# महामंडलेश्वर ज्ञानदास की कार पर पथराव

### चार युवकों ने रोकी कार, नहीं रुकी तो बरसाए पत्थर, संत बोले- अब भू-समाधि लेनी पड़ेगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में श्री पंच निमोर्ही अणि अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज की कार पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। घटना में महामंडलेश्वर बाल-बाल बच गए, हालांकि उनकी कार के कांच टूट गए। मामले की शिकायत महाकाल थाने में दर्ज कराई गई है। ऐसे में अब पुलिस जांच में जुटी है।

**कार नहीं रोकने पर किया पथराव-** जानकारी के अनुसार सदावल रोड स्थित आश्रम में रहने वाले महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज मंगलवार देर रात करीब 12:30 बजे अपनी स्कॉर्पियो (एमपी-13 जेडडी-8717) से देवास से लौटकर सदावल आश्रम जा रहे थे। हनुमानगढ़ी क्षेत्र के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उनकी कार को रोकने की कोशिश की।



महामंडलेश्वर के अनुसार जब वाहन नहीं रोका गया तो युवकों ने कार पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से स्कॉर्पियो के आगे के कांच टूट गए। महामंडलेश्वर ने कहा, दुखी मन से कहना पड़ रहा है कि यदि लगातार इस तरह की घटनाएं होती रहीं तो मुझे किसी दूसरे तीर्थ में जाकर बसना पड़ेगा या फिर भू-समाधि लेनी पड़ेगी। मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है।

**महामंडलेश्वर ने दर्ज कराई शिकायत-** महामंडलेश्वर ज्ञानदास ने बताया कि हमला करने वाले चार लोग थे। पहले उन्होंने कार रुकवाने का प्रयास किया और बाद में पथराव कर दिया। हालांकि अंधेरा होने के कारण हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी। घटना के बाद वे सीधे महाकाल थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस कर रही जांच-** पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। राहत की बात यह रही कि घटना में महामंडलेश्वर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई।

---

### फ्रीगंज टावर चौक से पुल की तरफ जाने वाले मार्ग पर रोज लग रहा जाम, रोज वाहन हो रहे आमने-सामने, बढ़ रहा विवाद

# एक ही मार्ग से दोनों ओर का आवागमन, वाहन चालक हो रहे परेशान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फ्रीगंज टावर चौक से ग्रांड होटल, फ्रीगंज पुल होते हुए चामुंडा माता मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर इन दिनों प्रतिदिन यातायात जाम की स्थिति बन रही है। ब्रिज निर्माण कार्य के चलते पुल से जीरो पॉइंट की ओर जाने वाला एक तरफ का मार्ग बंद कर दिया गया है, जिसके कारण दोनों दिशाओं के वाहन एक ही मार्ग से गुजर रहे हैं। इससे इस क्षेत्र में यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है।

**रोज वाहन हो रहे आमने-सामने, बढ़ रहा विवाद-** एक ही सड़क पर दोनों तरफ से वाहनों के आवागमन के कारण अक्सर वाहन चालक आमने-सामने फंस जाते हैं। कई बार वाहन आपस में टकरा भी जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर फैली अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की जा रही है।




#### महापौर बंगला मार्ग पर भी बिगड़ी व्यवस्था

चामुंडा माता क्षेत्र से फ्रीगंज की ओर आने वाले वाहन सीधे टावर चौक की तरफ निकल रहे हैं। वहीं महापौर बंगला मार्ग पर भी यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वाहन चालक जल्द निकलने की कोशिश में कहीं से भी वाहन घुसा देते हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। प्रभावित मार्गों पर यातायात कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाए तथा वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कर यातायात को सुचारु बनाया जाए।

#### सड़क चौड़ीकरण के कारण बढ़ा दबाव

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों के चलते कई मार्गों पर आवागमन बंद है। ऐसे में जिन प्रमुख मार्गों पर यातायात चालू है, वहां वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। फ्रीगंज टावर चौक से पुल मार्ग भी ऐसे ही प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां पूरे दिन वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com